

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

RNI No. CHHHIN/2009/35020



◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 321 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, शनिवार 16 सितंबर 2023



पेज -4 पर कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने ली स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक

प्रधानमंत्री मोदी ने की एनटीपीसी तलईपल्ली से लारा तक की एमजीआर ... पेज -8 पर



JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in


## पीएम के रायगढ़ में दिए गए भाषण का एडिटेड वीडियो हो रहा वायरल

### कांग्रेस के कई सोशल मीडिया समूह पर गलत संदर्भ के साथ किया जा रहा शेयर

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



देश के पीएम नरेंद्र मोदी के रायगढ़ जिले में बीते गुरुवार को शासकीय आयोजन में शामिल हुए। इस कार्यक्रम के दौरान पीएम के भाषण को लेकर अब एक वीडियो क्लिप वायरल हो रहा है। कांग्रेस के कई सोशल मीडिया समूह पर भी इस वीडियो को शेयर किया जा रहा है। इस वायरल वीडियो क्लिप, जो रायगढ़ में पीएम के भाषण का एक हिस्सा है, पीएम मोदी कह रहे हैं कि छत्तीसगढ़ में बीजेपी सरकार का होने का नुकसान, सबसे बड़ा नुकसान, मेरे छत्तीसगढ़ के भाइयों बहनों को उठाना पड़ा है, मेरे नौजवानों को उठाना पड़ा है। इस वीडियो को इस कैप्शन के साथ शेयर किया जा रहा है कि झूठ बोलते-बोलते मोदी ने सच कह दिया। इस वायरल वीडियो के साथ लिखा है कि छत्तीसगढ़ को सबसे ज्यादा नुकसान भाजपा सरकार की वजह से उठाना पड़ा है। यह वीडियो लगातार सोशल मीडिया पर वायरल किया जा रहा है। अपनी स्वतंत्र पड़ताल में हमने पाया कि यह वायरल वीडियो एडिट किया हुआ है। पीएम नरेंद्र मोदी के रायगढ़ दौरे का पूरा वीडियो सार्वजनिक है। इस वीडियो के जिस हिस्से को वायरल किया जा रहा है उसके बीच के दो वाक्यांशों को संपादित किया गया है। वास्तविक वीडियो को देखने से यह स्पष्ट हो जाता है कि पीएम ने अपने संबोधन में संबंधित विषय पर यह कहा कि छत्तीसगढ़ में बीजेपी सरकार का होने का बहुत बड़ा नुकसान, जब से बीजेपी सरकार गई, जब से ये लोग बैठे हैं, सबसे बड़ा नुकसान मेरे छत्तीसगढ़ के भाइयों-बहनों को उठाना पड़ा है, मेरे नौजवानों को उठाना पड़ा है। इस तरह पीएम नरेन्द्र मोदी के रायगढ़ में दिए गए भाषण के इस हिस्से के एडिटेड वीडियो क्लिप को वायरल करते हुए उसे भ्रामक संदर्भ में प्रस्तुत किया जा रहा है।

## कलेक्टर ने सुचारू मतदान की व्यवस्था के लिए दिए आवश्यक निर्देश




**रायपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सर्वेश्वर भुरे ने आज गुरू घासीदास संग्रहालय परिसर स्थित ऑडिटोरियम में धरसींवा और अभनपुर विधानसभा के सेक्टर अधिकारियों और पुलिस सेक्टर अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि मतदान केंद्रों का अच्छी तरह निरीक्षण करें और मूलभूत सुविधा का होना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों में बिजली, पेयजल, महिला-पुरूष के लिए पृथक शौचालय, फर्नीचर, मोबाइल नेटवर्किंग, दिव्यांगजनों के लिए रैंप का इंतजाम करा लें।

उन्होंने सभी सेक्टर अधिकारियों को मतदान केंद्रों पर पारदर्शिता के साथ चुनाव प्रक्रिया कराने के लिए इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। सेक्टर अधिकारी गंभीरता से मतदान केंद्रो का निरीक्षण करने के साथ संबंधित बीएलओ के संपर्क में जानकारी तैयार करें।

### मोहब्बत की दुकान में नफरत का सामान बिक रहा

## घमंडिया गठबंधन सनातन धर्म को खत्म करने में लगा है-नड्डा

**जशपुर ।** बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जशपुर में बीजेपी के दूसरे चरण के परिवर्तन यात्रा को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि, विपक्ष का जो गठबंधन है वह सनातन धर्म को खत्म करना चाहता है। राहुल गांधी की मोहब्बत की दुकान में नफरत का सामान बिक रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाने के साथ ही प्रदेश सरकार को सबसे भ्रष्ट सरकार बताया। कहा कि, इस सरकार के दांत खाने के और हैं, दिखाने के और हैं। सभा स्थल में उनका स्वागत पहाड़ी कोरवा लोगों ने परंपरागत तीर और कमान से स्वागत किया।जेपी नड्डा ने कहा कि, परिवर्तन क्यों होना चाहिए यह मैं आपको बताता हूं, कांग्रेस सरकार ने जो वादे किए उसमें कुछ भी पूरे नहीं हुए। इतना ही नहीं केंद्र जो काम कर रही है उसे भी रोका जा रहा है। छत्तीसगढ़ के 12 लाख लोगों को आवास से वंचित किया गया।



### सनातन धर्म को लेकर विपक्ष के गठबंधन को घेरा

*यह जो गठबंधन बना है, वह सनातन धर्म को खत्म करने में लगा है। राहुल गांधी कहते हैं मैं मोहब्बत के दुकान चला रहा हूं, लेकिन इस मोहब्बत की दुकान में नफरत का सामान बिक रहा है। गठबंधन के अलग-अलग दल सनातन धर्म पर लगातार सवाल उठा रहे हैं।*

*1 तारीख को घमंडिया अलाइंस मुंबई में बैठक करता है। 3 सितंबर को सीएम स्टालिन का बेटा उदय सनातन धर्म का निरादर करता है। 4 सितंबर को खड़गे साहब के बेटे सनातन पर आक्षेप करते हैं। आज तक सोनिया गांधी चुप हैं, राहुल दुनिया भर में संविधान की बात करते हैं मगर चुप हैं।*

केंद्र सरकार जिन्हें घर देना चाहती है उसे यहां की सरकार कागज नहीं पहुंचाकर रोक रही है।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश

#### हड़ताल करने वाले कर्मियों से न हो सख्ती



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए हैं कि हड़ताल करने वाले कर्मचारियों के विरूद्ध सख्ती न बरतें. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सकारात्मक रूख से कर्मचारी संगठनों में उम्मीद जगी है. गौरतलब है कि चुनाव के समय कई संगठन अपनी मांगों को लेकर हड़ताली रूख अपना रहे हैं. ऐसे में कई विभाग प्रमुख ऐसे कर्मचारियों पर सख्ती की कार्रवाई कर रहे हैं. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री भूपेश ने इसे गंभीरता से लेते हुए निर्देश दिया है कि विभिन्न संगठनों की अपनी मांगें होती हैं, जिन्हें ध्यान में रखते हुए सख्ती के साथ कर्मचारियों पर कार्रवाई न करें।

### राज्य सरकार की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को बड़ी सौगात

## कार्यकर्ता के 50 प्रतिशत रिक्त पदों पर आंगनबाड़ी सहायिकाओं की होगी भर्ती

### मंत्रालय से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आदेश जारी

रायपुर। महिलाओं तथा बच्चों के पोषण एवं टीकाकरण हेतु प्रदेश भर में संचालित 46 हजार से अधिक आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को मानदेय वृद्धि के बाद एक और बड़ी सौगात मिली है।

राज्य सरकार द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सेवानिवृत्ति की आयु 62 वर्ष से बढ़ाकर 65 वर्ष कर दिया गया है। इसके साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के रिक्त पदों पर आंगनबाड़ी सहायिकाओं से पदपूर्ति को 25 प्रतिशत को बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया है। साथ ही भर्ती के लिए आवश्यक 10 वर्ष के अनुभव को कम करके 05 वर्ष कर दिया गया है। इस संबंध में मंत्रालय से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 14 सितंबर को आदेश जारी कर दिया गया है।

**आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की सेवानिवृत्ति की आयु 62 वर्ष से बढ़ाकर 65 वर्ष की गई**

**भर्ती के लिए सहायिकाओं के 10 वर्ष के अनुभव को कम कर 05 वर्ष किया गया**

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस वर्ष प्रस्तुत 2023-24 के बजट में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की मांगों को पूरा करते हुए उनके मानदेय में बढ़ोत्तरी की घोषणा की थी। जारी आदेश के अनुपालन में 01 अप्रैल 2023 से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को बढ़ा हुआ मानदेय दिया जा रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मासिक मानदेय की राशि 6 हजार 500 रूपए प्रति माह से बढ़ाकर 10 हजार रूपए दी जा रही है। *इसी तरह आंगनबाड़ी सहायिकाओं का मानदेय 3 हजार 250 रूपए से बढ़ाकर 5 हजार और मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय 4 हजार 500 रूपए से बढ़ाकर 7 हजार 500 रूपए प्रति माह कर दिया गया है। प्रदेश में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की मृत्यु पर अनुग्रह राशि और सेवानिवृत्ति पर एक मुश्त भुगतान का प्रावधान किया गया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की मृत्यु पर अनुग्रह राशि में वृद्धि करते हुए वर्तमान में 50 हजार रूपये प्रदान किया जा रहा है।*

## रायगढ़ में नरेंद्र मोदी की आमसभा में लाखों की संख्या में भीड़ उमड़ी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



कल देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रायगढ़ की आमसभा संपन्न हुई, मोदी की इस सभा में जहां कोरबा, जांजगीर, सक्ती, सारंगढ़-बिलाईगढ़, महासमुंद जिले की 16 विधान सभाओं का फोकस किया गया तथा जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश राष्ट्रीय और प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारियों सहित इन 16 में से जिन जिन विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी ने अपने प्रत्याशी घोषित किए थे वे सभी मंच पर उपस्थित रहे!

कल से सोशल मीडिया पर एक फोटो वायरल हो रही है, जिसमें विश्व पटल पर यूनिवर्स बॉस के रूप में उभर कर आए हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हेलीपेड पर जब वरिष्ठ नेताओं से वन टू वन मिलते हुए उनका अभिवादन स्वीकार कर रहे थे तब वे भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सक्ती जिले के प्रभारी गुरुपाल सिंह भल्ला के करीब पहुंचते उनको कुछ कहते हुए उनके कंधे पर हाथ रखते हुए कुछ कहा, गुरुपाल भल्ला के कंधे के ऊपर मोदी का हाथ रखकर चर्चा करते हुए जब ये तीन फोटो जिले के युवा एवं नेताओं द्वारा जब पोस्ट किया गया तो आगामी चुनाव के मद्देनजर यह फोटो आम फोटो ना होकर सोशल मीडिया की सनसनीखेज बन कर उभर गई और जनमानस के दिमाग में कल से यही चल रहा है कि अपने इस वयस्तम समय में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आखिर गुरुपाल भल्ला से क्या चर्चा की होगी। नरेंद्र मोदी जब गुजरात राज्य के मुख्यमंत्री थे और भाजपा के 2014 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री का चेहरा बन चुके थे तब वे विधानसभा चुनाव के मद्देनजर रायगढ़ स्टेडियम में चुनाव प्रचार में आए थे, तब भी उनका मोदी के साथ हाथ उठाकर जनता का अभिवादन करते हुए का फोटो वायरल हुआ था, एक चर्चा ये भी रहा था। अब जब नवंबर माह में छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव है और गुरुपाल सिंह भल्ला को कार्यकर्ताओं के नेता और आम जनता के सेवक के रूप में जाना जाता है और आगामी चुनाव को देखते हुए गुरुपाल सिंह भल्ला और सशक्त नेता बनकर उभरे। अब जब उनकी यह फोटो सोशल मीडिया संसेशन बन गई है तो लोग तो कहेंगे ना कि ये रिश्ता क्या कहलाता है।

### आई.टी.एम विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए राज्यपाल

## नवाचार, रचनात्मकता और आजीवन सीखने की भावना होनी चाहिए विद्यार्थियों में- विश्वभूषण हरिचंदन




**रायपुर।** शिक्षा एक आजीवन यात्रा है और सीखने की प्रक्रिया कभी नहीं रुकनी चाहिए। विद्यार्थियों में नवाचार, रचनात्मकता और आजीवन सीखने की भावना होनी चाहिए। विद्यार्थी अपने कौशल को लगातार बढ़ाने, अपने क्षितिज को व्यापक बनाने और अपने संबंधित क्षेत्रों में नवीनतम प्रगति से अवगत रहने के अवसरों की तलाश करें। राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने आज आई.टी.एम. विश्वविद्यालय रायपुर के दीक्षांत समारोह में यह उद्गार व्यक्त किए। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित आई.टी.एम. विश्वविद्यालय के आठवें दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को 13 गोल्ड मेडल सहित 377 उपाधियां वितरित की गई। केन्द्रीय भंडार के सीईओ और एमडी श्री मुकेश कुमार, आई.टी.एम के प्रोफेसर आर.एस.एस मनी और कर्नाटक संगीत विशेषज्ञ श्रीमती जी. शारदा सुब्रमण्यम को विश्वविद्यालय की मानद उपाधि प्रदान की गई ।

## राज्य योजना आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने आयोग के कार्यों की समीक्षा की

### योजनाओं की इवैल्युवेशन रिपोर्ट का विमोचन भी किया



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य योजना आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने आयोग के पदाधिकारियों और अधिकारियों की बैठक लेकर आयोग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने नवा रायपुर स्थित योजना भवन में आज आयोजित बैठक में आयोग द्वारा सतत् विकास लक्ष्यों की राज्य में नियमित निगरानी में सहायता के लिए विकसित किए गए फ्रेमवर्क और एसडीजी डैशबोर्ड की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना, मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य सहायता योजना, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान तथा गोधन न्याय योजना की इवैल्युवेशन रिपोर्ट का विमोचन भी किया।

राज्य योजना आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने बैठक में बताया कि एसडीजी के लक्ष्यों को हासिल करने में शासकीय विभागों एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों की सहायता के लिए आयोग द्वारा प्रभावी फ्रेमवर्क व डैशबोर्ड का निर्माण किया गया है। राज्य स्तर पर इन लक्ष्यों की प्राप्ति की प्रगति के मूल्यांकन के लिए ''एसडीजी स्टेट इंडिकेटर फ्रेमवर्क'' तथा जिला स्तर पर मूल्यांकन के लिए ''एसडीजी डिस्ट्रिक्ट इंडिकेटर फ्रेमवर्क'' एवं उन पर आधारित प्रगति रिपोर्ट तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि आज जारी की गई इवैल्युवेशन रिपोर्ट में दी गई अनुशंसाओं के अनुसार संबंधित विभाग अपनी योजना के और बेहतर क्रियान्वयन के लिए आवश्यक कदम उठा सकेंगे। राज्य योजना आयोग के अध्यक्ष डॉ. टेकाम ने बताया कि ''एसडीजी डैशबोर्ड'' में सतत विकास लक्ष्य में वर्षवार लक्ष्य आधारित एवं जिला आधारित विश्लेषण है। यह सभी जिलों एवं संबंधित विभागों को आत्मावलोकन कर संपूर्ण लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ने में सहायता करेगा।

### मूणत ने कांग्रेसियों को बताया झूठ का सेल्समेन

## पीएम मोदी की सभा को लेकर अफवाह फैलाने का आरोप, कानूनी शिकायत करने की तैयारी में बीजेपी

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच अपने-अपने सियासी कार्यक्रमों को लेकर खींचतान है। मुद्दा भीड़ के जुटने न जुटने का है। अब कांग्रेस के प्रवक्ता और संचार विभाग के प्रमुख सुशील आनंद पर भाजपा के प्रवक्ता और पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने अफवाह फैलाने का आरोप लगाया है।

शुक्रवार को एकात्म परिसर में हुई प्रेस मीट में मूणत ने कहा- कांग्रेस के संचार प्रमुख ने प्रधानमंत्री का दौरा रद्द बताकर मानसिक दिवालियापन का परिचय दिया है। उप मुख्यमंत्री सिंहदेव का कबूलनामा कि केंद्र सरकार ने भेदभाव नहीं किया, इससे ये सत्य सामने आ गया है कि कांग्रेसी झूठ के सेल्समैन हैं। पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रायगढ़ दौरे को लेकर कांग्रेस अफवाह फैला रही थी, मोदी जी के उसी दौरे में छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने मुख्यमंत्री और कांग्रेस का झूठ बेनकाब करते हुए कहा है कि मोदी जी ने छत्तीसगढ़ को बहुत कुछ दिया है, दे रहे हैं और भरोसा है कि आगे भी देते रहेंगे। उप मुख्यमंत्री सिंहदेव ने सबके सामने स्पष्ट किया है कि मोदी जी ने कभी भेदभाव नहीं किया।



कांग्रेस ने प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर भ्रम फैलाने का प्रयास किया। यह कांग्रेस का तुच्छ आचरण और अक्षम्य अपराध है। यह कांग्रेस की कुंठित और निचले स्तर की मानसिकता को दर्शा रहा है। बाकायदा कांग्रेस पार्टी के मीडिया प्रमुख ने वीडियो बयान जारी कर प्रधानमंत्री के निश्चित कार्यक्रम के बारे में भ्रम फैलाया, वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस के मीडिया प्रमुख ने यह भी झूठ फैलाया कि रायगढ़ के कार्यक्रम में भीड़ नहीं जुटने के कारण प्रधानमंत्री नहीं आ रहे हैं। जबकि, जब यह बयान जारी किया जा रहा था, तब सभा-स्थल पर 1 लाख से अधिक का जनसमूह एकत्रित था। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व मंत्री मूणत ने कहा कि कांग्रेस में हार का भय और जनता का सामना न कर पाने की दहशत तो है ही। अब वो जनता का सामना नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि उनके शासन में जो भ्रष्टाचार हुआ है, उसकी कालिख उन्हें मुंह छुपाए फिरने विवश कर रही है।

#### पुलिस से करेंगे शिकायत


मूणत ने दावा किया है कि भारतीय जनता पार्टी के विधि विभाग कांग्रेस के इन झूठे प्रचारों को लेकर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी और थाना प्रभारी (सिविल लाइंस) के पास अपनी लिखित शिकायत दर्ज करा न्यायोचित कार्रवाई की मांग करेगी।

#### कांग्रेस का जवाब

*मूणत के बयानों का तीर कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला की ओर चला था। जवाब में शुक्ला ने कहा- भारतीय जनता पार्टी के यात्रा में लोग नहीं आ रहे हैं। सभा में जानता नहीं आ रही है तिरस्कार कर रही है उसके लिए कांग्रेस का जनसंपर्क विभाग क्या करेगा। प्रधानमंत्री की सभा में अखबारों में छप गया कि वह भोपाल से ऑनलाइन जुड़ेंगे, क्योंकि लोगों की भीड़ नहीं थी। शुक्ला ने भाजपा से कहा कि आप अपना होमवर्क सही करिए, जनता आपको नकार रही है।*

# भारत से कुछ तो सीखे पाकिस्तान, सवालों के घेरे में पाक राष्ट्रपति की कार्यशैली

हाल ही में भारत ने लगातार तीन बड़ी सफलताएं हासिल की हैं, जिन पर पाकिस्तान की पैनी नजर रही। सबसे पहले भारत का चंद्रयान-3 चांद के अंधेरे हिस्से (दक्षिणी ध्रुव) की तरफ उतरा, जो निश्चित रूप से एक बड़ी घटना था। उसके बाद जी-20 शिखर सम्मेलन की तस्वीरें सामने आईं, जिसके कारण दुनिया भर की नजरें नई दिल्ली पर टिकी थीं। और तीसरी घटना यह है कि कोलंबो में भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप क्रिकेट मैच जीत लिया! नेपाल ही वह देश है, जहां कई सदियों से चली आ रही परंपरा के अनुसार जीवित देवी हैं।



लेकिन मेरे लिए यह भारत की पंद्रहवीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की तस्वीर थी, जिसमें वह भारतीय देवी की तरह लग रही थीं। यह तस्वीर भारतीय दौरे पर आए सऊदी अरब के प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ उनकी बैठक के दौरान ली गई थी। तस्वीर में वह अपने सिर पर फूलों का एक बड़ा गुलदस्ता लेकर शांति से बैठी हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने पाकिस्तानियों का ध्यान तब आकर्षित किया था, जब उन्हें पहली बार नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा राष्ट्रपति पद के लिए नामित किया गया था। उन्होंने विशेष रूप से समाज के वंचितों के साथ-साथ हाशिये पर रहने वाले वर्गों को सशक्त बनाने के लिए और देश में लोकतांत्रिक मूल्यों को गहरा करने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। पाकिस्तानी राष्ट्रपति के विपरीत, भारतीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को संविधान के दायरे में रहकर और किसी भी राजनीतिक पार्टी के साथ जुड़ाव से दूर रहते हुए देखना अच्छा है। पाकिस्तान में राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने, जिनका ताल्लुक पाकिस्तान तहरीक-ए इंसाफ (पीटीआई) पार्टी से था, संविधान की मांग के अनुसार अराजनीतिक रहने से इन्कार कर दिया है। पिछले कई वर्षों से पाकिस्तान के लोगों ने उन्हें इमरान खान के समर्थक और पीटीआई कार्यकर्ता की तरह काम करते देखा है। हालांकि संविधान के अनुसार, राष्ट्रपति आरिफ अल्वी का कार्यकाल समाप्त हो चुका है, क्योंकि उन्हें पांच साल के लिए राष्ट्रपति मनोनीत किया गया था। यदि वह इस्तीफा नहीं देते हैं, तो तब तक राष्ट्रपति बने रह सकते हैं, जब तक कि नई सरकार नहीं आती है और वह नई सरकार एक नए राष्ट्राध्यक्ष को नामित नहीं करती। राष्ट्रपति के इस्तीफा देने की स्थिति में, संविधान सीनेट के अध्यक्ष को स्वत: राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार संभालने की अनुमति देता है। किसी भी स्थिति में राष्ट्रपति की गैरमौजूदगी में, सीनेट अध्यक्ष मौजूदा राष्ट्रपति की पूर्ण शक्तियों के साथ कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में कार्य करता है।

अतीत में हमने आपातकाल की स्थिति में सीनेट के अध्यक्ष को राष्ट्रपति का कार्यभार संभालते देखा है। यह तब हुआ था, जब 1988 में तत्कालीन राष्ट्रपति जनरल जिया उल हक का एक विमान दुर्घटना में निधन हो गया था। संविधान के अनुसार, राष्ट्रपति का पद खाली नहीं रह सकता, इसलिए स्वत: सीनेट के अध्यक्ष गुलाम इशहाक खान पाकिस्तान के राष्ट्रपति बन गए थे। नई दिल्ली से एक और दिलचस्प खबर आई है कि पहली बार किसी भारतीय महिला के रूप में सुश्री गीतिका श्रीवास्तव इस महीने के अंत तक इस्लामाबाद पहुंचकर भारतीय उच्चायुक्त का प्रभार संभालेंगी। विभाजन के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच राजनयिक संबंध स्थापित होने के बाद से बाईस पुरुष उच्चायुक्तों के बाद वह पाकिस्तान में भारतीय उच्चायोग की पहली महिला प्रमुख होंगी। सुश्री गीतिका सुरेश कुमार से पदभार ग्रहण करेंगी, जो इस महीने के अंत तक पाकिस्तान छोड़ देंगे। सुरेश कुमार की इस्लामाबाद में बहुत कम उपस्थिति देखी गई है और पाकिस्तानी पत्रकारों से वह अक्सर कम मिलते रहे हैं।

चाहे द्विपक्षीय संबंध कितने भी खराब क्यों न हों, किसी भी मुल्क में राजनयिकों का काम अपने वतन और तैनाती वाले मुल्क के बीच एक पुल बनाना होता है। वास्तव में जब दो मुल्कों के बीच द्विपक्षीय संबंध खराब होते हैं, तब राजनयिकों के लिए मेजबान देश के लोगों तक पहुंचना और भी जरूरी हो जाता है। बहरहाल, अभी यह कहना जल्दबाजी होगा कि सुश्री गीतिका पाकिस्तानी समुदाय, विशेषकर पत्रकारों तक पहुंच बनाएंगी या नहीं। वर्ष 2019 में

> राष्ट्रपति मुर्मू ने पाकिस्तानियों का ध्यान तब आकर्षित किया था, जब उन्हें पहली बार नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा राष्ट्रपति पद के लिए नामित किया गया था। उन्होंने विशेष रूप से समाज के वंचितों के साथ-साथ हाशिये पर रहने वाले वर्गों को सशक्त बनाने के लिए और देश में लोकतांत्रिक मूल्यों को गहरा करने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।

कश्मीर मुद्दे पर दोनों पड़ोसी मुल्कों के द्विपक्षीय रिश्तों में गिरावट आने के बाद से नई दिल्ली या इस्लामाबाद में कोई पूर्णकालिक उच्चायुक्त नहीं है। इस पद को कमतर करके अब प्रभारियों के हवाले कर दिया गया है। इस्लामाबाद में अंतिम पूर्णकालिक भारतीय उच्चायुक्त अजय बिसारिया थे, जिन्हें 2019 में निष्कासित कर दिया गया था। बाद में वह कनाडा में भारत के उच्चायुक्त बने और उसके बाद सेवानिवृत हो गए। पाकिस्तान से नई दिल्ली लौटने वाले अधिकांश उत्कृष्ट उच्चायुक्तों को प्रोन्नत करके विदेश सचिव बनाया गया है। सुश्री गीतिका इस्लामाबाद में 'महिला राजनयिक क्लब' में शामिल होंगी, जिनमें बड़ी संख्या में वरिष्ठ महिला राजनयिक शामिल हैं। फिलीपींस की राजदूत के बाद वह दूसरी एशियाई सबसे वरिष्ठ महिला राजनयिक होंगी। हालांकि पाकिस्तान से आने वाली खबरें हमेशा बहुत अच्छी नहीं होती हैं और मुल्क के विभिन्न हिस्सों में लगातार आतंकवादी हमले होते रहते हैं, लेकिन इस्लामाबाद को महिला राजनयिकों सहित राजनयिकों के लिए बहुत सुरक्षित माना जाता है।

मरिआना बाबर

## संपादकीय

### करीब आए भारत और सऊदी

सऊदी अरब ने गुजरे आठ महीनों में अमेरिका में अपना निवेश 41 प्रतिशत घटाया है। तो अब उसके सामने सवाल यह है कि अपना पैसा कहां लगाए। भारत में 100 बिलियन डॉलर निवेश करने के उसके एलान को इसी संदर्भ में देखा जाएगा।


सऊदी अरब के प्रिंस मोहम्मद-बिन-सलमान की भारत यात्रा से यह साफ हुआ है कि आर्थिक संबंध के क्षेत्र में विभिन्न देशों की बदलती प्राथमिकताओं के बीच भारत को अपने देश के लिए वे एक महत्त्वपूर्ण स्थल मान रहे हैं। सऊदी अरब उन देशों में है, जो अंतरराष्ट्रीय व्यापार बड़े मुनाफे की स्थिति में रहते हैं। जाहिर है, इसका कारण सऊदी अरब की तेल संपदा है। प्रिंस सलमान की खूबी यह है कि हाथ में सत्ता आने के बाद से उन्होंने दूरदर्शी नजरिया अपना रखा है। वे जानते हैं कि जीवाश्म ऊर्जा की बदौलत उनका देश हमेशा समृद्ध नहीं बना रहेगा। इसलिए वे निवेश के विभिन्न क्षेत्रों को तलाश रहे हैं। उनकी भारत यात्रा भी इसी तलाश का हिस्सा है। जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान पत्रकारों से बातचीत में सलमान कहा कि पांच साल के अंदर पश्चिम एशिया 'अगला यूरोप' हो जाएगा। जाहिर है, इसमें आधुनिक तकनीक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

इस लिहाज से भारत के तकनीक-कर्मी सऊदी अरब के लिए बड़े फायदे का पहलू हो सकते हैं। इसके अलावा इस समय दुनिया में ट्रेंड अमेरिका के बॉन्ड और ट्रेजरी बिल से पैसा निकालने का है। सऊदी अरब ने गुजरे आठ महीनों में अमेरिका में अपना निवेश 41 प्रतिशत घटाया है।

## हम आगे तो बढ़ रहे हैं पर संस्कार पीछे छोड़ते जा रहे हैं, आखिर नई पीढ़ी माता-पिता की उपेक्षा क्यों करती है?

माता-पिता की उपेक्षा करने वाले बच्चे यह क्यों नहीं समझते कि उम्र के जिस दौर से उनके माता-पिता गुजर रहे हैं, कल उसका सामना उन्हें भी करना पड़ेगा। विचारणीय सवाल यह है कि क्या न्यायालय का काम बच्चों को मां-बाप की सेवा करने की नसीहत देने का होना चाहिए?

नये बन रहे समाज एवं पारिवारिक संरचना में माता-पिता का जीवन एक त्रासदी एवं समस्याओं का पहाड़ बनता जा रहा है, समाज में बच्चों के द्वारा बुजुर्ग माता-पिता की उपेक्षाओं एवं उनके प्रति बरती जा रही उदासीनता इतनी अधिक बढ़ गयी है कि अदालतों को दखल देना पड़ रहा है। माता-पिता भोजन-पानी, दवाई, जरूरत की चीजों से महरूम ही नहीं हो रहे हैं बल्कि उनके सम्मान की स्थितियां भी नगण्य होती जा रही है। वृद्ध माता-पिता की यह दुर्दशा एक विकराल समस्या के रूप में उभर रही है। सुविधावाद, भौतिकता एवं धन के बढ़ते वर्चस्व के बीच माता-पिता अपने ही बच्चों की प्रताड़ना के शिकार है। ऐसी बढ़ती समस्याओं पर नियंत्रण के लिये अदालतों को न सिर्फ दखल देना पड़ रहा है बल्कि बच्चों को पाबंद करना पड़ रहा है कि वे अपने बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल करें और उनको सम्मान दें। मद्रास उच्च न्यायालय का ऐसा ही एक फैसला आज के समाज में खून के रिश्तों पर सवाल खड़ा करने वाला है। न्यायालय ने अपने फैसले में साफ किया है कि बुजुर्ग अभिभावकों की इच्छा पूरी करना बच्चों का दायित्व है। न्यायालय का यह फैसला सिर्फ किसी बच्चे और अभिभावकों के बीच संपत्ति विवाद तक सीमित नहीं है। इसे व्यापक अर्थों में देखने और समझने की जरूरत है।



संवेदनशील मानसिकता के निर्माण से समाज का माहौल बदल सकता है। अदालत चाहती है कि वृद्ध माता-पिता को उदासीनता एवं उपेक्षा से मुक्ति देकर उन्हें सुरक्षा कवच मानने की सोच को विकसित किया जाये ताकि एक आदर्श परिवार की संरचना को जीवंत किया जा सके एवं वृद्धों के स्वास्थ्य, निष्कंटक एवं कुंठारहित जीवन को प्रबंधित किया जा सकता है। वृद्धों को बंधन नहीं, आत्म-गौरव के रूप में स्वीकार करने की अपेक्षा को अदालत ने उजागर कर समाज को जागृत करने का सराहनीय काम किया है। ऐसा युग जहां रिश्तों की जगह धन हावी होता जा रहा है। इसी कारण वृद्धों को लेकर गंभीर समस्याएं आज पैदा हुई हैं, ये समस्याएं अचानक ही नहीं हुई, बल्कि उपभोक्तावादी संस्कृति तथा महानगरीय अधुनातन बोध के तहत बदलते सामाजिक मूल्यों, नई पीढ़ी की सोच में परिवर्तन आने, महंगाई के बढ़ने और व्यक्ति के अपने बच्चों और पत्नी तक सीमित हो जाने की प्रवृत्ति के कारण खड़ी हुई हैं। चिन्तन का महत्वपूर्ण पक्ष है कि वृद्धों की उपेक्षा के इस गलत प्रवाह को रोके, इसी बात पर अदालत ने अपने फैसले में बल दिया है। क्योंकि सोच के गलत प्रवाह ने न केवल वृद्ध माता-पिता के जीवन को दुश्वार कर दिया है बल्कि आदमी-आदमी के बीच के भावात्मक फासलों को भी बढ़ा दिया है। सवाल यह है कि जो माता-पिता कष्ट सहकर भी अपने बच्चों को अच्छी जिंदगी देने की भरपूर कोशिश करते हैं, उन्हीं मां-बाप के बुजुर्ग होने पर बच्चे उनकी देखभाल से जी क्यों चुराने लगते हैं? बच्चों की नजर मां-बाप की संपत्ति तक ही सीमित होकर क्यों रह जाती है? ऐसी बात नहीं है कि सभी बच्चे अपने मां-बाप की उपेक्षा कर रहे हैं, लेकिन आसपास नजरें घुमाने पर ऐसे मामले हर कहीं नजर आ जाते हैं। जाहिर है ऐसे मामले बढ़ रहे हैं। वर्तमान युग की बड़ी विडम्बना एवं विसंगति है कि वृद्ध अपने ही घर की दहलीज पर सहमा-सहमा खड़ा है, वृद्धों की उपेक्षा स्वस्थ एवं सुसंस्कृत परिवार परम्परा पर काला दाग बनता जा रहा है।

अदालत की यह संवेदनशील सोच है जिससे बच्चों एवं माता-पिता के बीच बढ़ते फासलों को दूर किया जा सकता है, अदालत चाहती है कि ऐसा परिवेश निर्मित हो जिसमें परिवार के वृद्ध हमें कभी बोझ के रूप में दिखाई न दें, हमें यह कभी नहीं सोचना पड़े कि इनकी उपस्थिति हमारी स्वतंत्रता को बांधित करती है। उन्हें पारिवारिक धारा में बांधकर रखा जाये। लेकिन हम सुविधावादी एकांगी एवं संकीर्ण सोच की तंग गलियों में भटक रहे हैं तभी वृद्ध माता-पिता की आंखों में भविष्य को लेकर भय है, असुरक्षा और दहशत है, दिल में अन्तहीन दर्द है।

## मिला जुला

# राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लिखा पत्र

*बालको प्रबंधन द्वारा अपनाई गई नियम विरूद्ध व निरंकुश कार्यशैली से अंचल में उभर रहे जन आक्रोश से कराया अवगत भारत सरकार के हस्तक्षेप की रखी मांग। किए गए वायदों को दरकिनार करते हुए स्थानीय बेरोजगारों की उपेक्षा करते हुए संयंत्र का कार्य करने के लिए अन्य प्रान्तों से कामगारों की भर्ती किया जा रहा है। फ्लाई ऐश निपटान प्रबंधन की कोई ठोस व्यवस्था नहीं होने से समूचा कोरबा अंचल प्रदूषण के आगोश में आम जन-जीवन हो रहा दुस्वार। संयंत्र कार्य से भारी वाहनों की आवा.जाही से सड़कों की हो चुकी जर्जर स्थित व लगातार बन रहे सड़क जाम की स्थिति से आम नागरिकों का पैदल तक सड़कों पर चलना हुआ मुश्किल।*

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।



balco



कोरबा विधायक व प्रदेश के राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर कोरबा में वेदान्ता प्रबंधन द्वारा संचालित भारत एल्यूमिनियम कम्पनी लिमिटेड द्वारा अपनाई गई नियम विरूद्ध व निरंकुश कार्यशैली से अंचल में उभर रहे जनाक्रोश से अवगत कराते हुए भारत सरकार से हस्तक्षेप की मांग किया है। प्रधानमंत्री को संबोधित पत्र में राजस्व मंत्री ने कंपनी के संबंध में लिखा है कि भारत एल्यूमिनियम कम्पनी लिमिटेड की स्थापना भारत सरकार के उपक्रम के तौर पर वर्ष 1965 में अविभाजित मध्यप्रदेश राज्य के आदिवासी क्षेत्र कोरबा में की गई थी। भारत सरकार की विनिवेशीकरण नीति के तहत इस कंपनी की 51 प्रतिशत हिस्सेदारी स्टरलाइट कम्पनी को वर्ष 2001 में भारत सरकार द्वारा सौंपी गई थी जो अब वेदांता रिसोर्सेज के नाम से जानी जाती है। पत्र में आगे लिखा गया है कि कम्पनी का आधिपत्य ग्रहण करने के बाद वेदान्ता प्रबंधन ने एल्यूमिनियम उत्पादन क्षमता में वृद्धि के साथ ही विद्युत संयंत्रों की स्थापना भी किया है। बालको प्रबंधन की कुटिल चाल को उजागर करते हुए राजस्व मंत्री ने पत्र में लिखा है कि संयंत्र विस्तार के लिए आयोजित की गई जनसुनवाई के दौरान कम्पनी ने स्थानीय स्तर पर ज्यादा से ज्यादा बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का वायदा किया था लेकिन संयंत्र विस्तार कार्यक्रम संचालित करने के साथ ही कम्पनी अपने वायदे से मुकर गई और स्थानीय बेरोजगार युवाओं की घोर उपेक्षा की जाने लगी। राजस्व मंत्री ने अंचल में पनप रहे जन आक्रोश के संबंध में प्रधानमंत्री को अवगत कराते हुए लिखा है कि स्थानीय युवाओं की उपेक्षा कर अन्य प्रांतों से कामगारों की भर्ती करके संयंत्र विस्तर कार्य व प्रचालन कार्य करवाया जा रहा है। जबकि स्थानीय स्तर पर ही हर विधा में दक्ष और योग्य युवाओं की कोई कमी नहीं है। पत्र में यह भी लिखा गया है कि कम्पनी के संयंत्र विस्तर योजना के सुचारू संचालन के लिए निरंतर भारी वाहनों से परियोजना संबंधी भारी मशीनरी आदि को मंगाया जाता है जिसकी वजह से अंचल की केवल सड़कों की दशा ही दयनीय नहीं हो गई है अपितु हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है जिसकी वजह से आम नागरिकों के आवागमन की बहुत बड़ी समस्या निरंतर बनी रहती है। प्रदूषण की समस्या पर पत्र में आगे लिखा गया है कि बालको के विद्युत संयंत्र से निस्तारित फ्लाई ऐश राखड़ के प्रबंधन के लिए कम्पनी के पास कोई ठोस योजना नहीं है और भारी ट्रकों में भरकर खुले तौर पर सड़क मार्ग से राखड़ का परिवहन किया जा रहा है और इनको जहां पर भी सुविधाजनक जगह दिखाई पड़ती है फिर वह स्थान चाहे सड़क के किनारे हो अथवा जंगल का सुनसान क्षेत्र, राखड़ को डम्प करवा दिया जाता है जिसकी वजह से समूचे कोरबा अंचल में आम नागरिकों के स्वास्थ्य पर बहुत विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। राखड़ के प्रदूषण से स्वांस जनित और फेफ ड़े की बीमारियों से आम नागरिक व निकटस्थ गांवों के लोग पीड़ित हो रहे हैं। आंधी तृफान चलने के समय राखड़ का गुबार उठने पर आम नागरिकों का सड़कों पर चलना दूभर हो जाता है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल व पर्यावरण विभाग द्वारा संयंत्र से निस्तारित राखड़ प्रबंधन के लिए जारी किए गए दिशा निर्देशों की कम्पनी द्वारा कोई परवाह न करते हुए नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। पत्र में आगे इस बात पर विशेष बल दिया गया है कि वेदान्ता रिसोर्सेज द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के कोरबा जिले में संचालित बालको संयंत्र में भारत सरकार की आज की तारीख में भी 49 प्रतिशत की हिस्सेदारी है, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि भारत सरकार के दिशा निर्देशों की कम्पनी कोई परवाह नहीं करती है या फिर कम्पनी को पूर्णत: स्वतंत्र निर्णय लेने के लिए भारत सरकार द्वारा विशेषाधिकार प्रदान कर दिया गया है। बालको द्वारा आज तक नियम विरूद्ध किए जा रहे किसी भी कार्य के मामले में भारत सरकार द्वारा किसी प्रकार का कोई हस्तक्षेप नहीं किया जाना इस बात की पुष्टि करता है जिसकी वजह से कम्पनी प्रबंधन द्वारा निरंकुश कार्यशैली को अपनाते हुए कार्य किया जा रहा है और स्थानीय लोगों के हितों की कोई परवाह नहीं की जाती है। पत्र के माध्यम से प्रधान मंत्री को जमीनी सच्चाई से अवगत कराते हुए राजस्व मंत्री ने लिखा है कि बालको प्रबंधन के ऐसे रवैये की वजह से आम नागरिकों में भारी क्षोभ व आक्रोश व्याप्त है जिसका परिणाम एक जन आंदोलन के रूप में कभी भी विस्फ ोटक हो सकता है। उपर्युक्त के संबंध में प्रधानमंत्री से आग्रह किया गया है कि पूर्व में किए गए वायदे के अनुरूप स्थानीय हितों को ध्यान में रखकर ज्यादा से ज्यादा स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए भारत सरकार द्वारा कम्पनी प्रबंधन को निर्देश जारी किया जाए। प्रदूषण की समस्या से निजात की दिशा में संयंत्र से निस्तारित फ्लाई ऐश राखड़ का उचित प्रबंधन करने के लिए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल एवं पर्यावरण विभाग के दिशा निर्देशों का समुचित पालन करते हुए ठोस उपाय करने हेतु सरकार द्वारा निर्देश जारी किए जाने की अपेक्षा की गई है। पत्र में यह भी अपेक्षा की गई है कि आम नागरिकों की असुविधाओं को गंभीरता से लेते हुए सड़कों की दशा सुधारने व जाम की स्थिति से निजात दिलाने के लिए भारी वाहनों के पार्किंग आदि की समुचित व्यवस्था करने के लिए कम्पनी को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए जाएं। मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने पत्र में इस बात पर भी जोर दिया है कि जमीनी सच्चाई जानने के लिए भारत सरकार चाहे तो कभी भी केन्द्रीय डेलीगेशन भेजकर उपर्युक्त तथ्यों की जांच करवा सकता है। पत्र के अंत में राजस्व मंत्री ने उम्मीद जताई है कि कोरबांचल के लोगों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए प्रधान मंत्री व्यक्तिगत हस्तक्षेप करते हुए संबंधित अधिकारियों को यथावश्यक निर्देश जारी करेंगे।

# अनंतनाग में 4 दिन में 4 शहीद, एनकाउंटर जारी

**आतंकियों की तलाश में घेराबंदी, ड्रोन, राकेट लॉन्चर से की जा रही बमबारी**



**अनंतनाग ए.।** कश्मीर में अनंतनाग के गडूल कोकेरनाग में चौथे दिन शुक्रवार को भी आतंकियों से मुठभेड़ जारी है। बुधवार को आतंकियों की गोली लगने से घायल जवान की भी मौत हो गई है। अनंतनाग में चल रहे एनकाउंटर में अब तक 4 शहीद हो चुके हैं। इनमें सेना के दो अफसर एक जवान और एक पुलिस अफसर शामिल हैं। 2-3 आतंकी राजौरी तक फैले पीर पंजाल के घने जंगलों में छिपे हैं। इनमें एक लश्कर-ए-तैय्यबा का कमांडर उजैर खान है।

इन्हीं आतंकियों के हमले में बुधवार को सेना के कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष धौंचक और जम्मू-कश्मीर पुलिस के DSP हुमांयू भट शहीद हुए थे। एक जवान भी शहीद हुआ है। इससे पहले मंगलवार को राजौरी में भी एनकाउंटर हुआ था, जिसमें सेना का एक जवान शहीद हुआ था।

अनंतनाग के एनकाउंटर में सेना के कमांडोज के साथ ही स्निफर डॉग्स, ड्रोन और हेलिकॉप्टर आतंकियों को खोज रहे हैं। राकेट लॉन्चर का भी इस्तेमाल किया जा रहा है।

सैन्य अफसरों का कहना है कि आतंकियों को 4 किलोमीटर के दायरे में घेर लिया गया है। इन्हें कभी भी ढेर कर दिया जाएगा। ड्रोन से बमबारी की जा रही है। आतंकियों ने मंगलवार को उस वक्त हमला किया था, जब सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस तलाशी अभियान चला रही थी।

# आम्रपाली बिल्डिंग की लिफ्ट गिरने से 4 लोगों की दर्दनाक मौत



**ग्रेटर नोएडा।** यूपी के ग्रेटर नोएडा में बड़ा हादसा हुआ है। यहां बिसरख थाना क्षेत्र की एक निर्माणाधीन बिल्डिंग की लिफ्ट गिर गई। इस हादसे में 4 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। घटनास्थल पर अफरातफरी का माहौल है। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस की एक टीम पहुंची है। इस हादसे में 4 लोग घायल भी बताए जा रहे हैं, जिन्हें पास के अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया हैं। बताया जा रहा है कि बिसरख थाना क्षेत्र के गौर सिटी एक मूर्ति के पास आम्रपाली ड्रीम वैली बिल्डर का निर्माण कार्य चल रहा है। इसी दौरान अचानक लिफ्ट काफी ऊंचाई से नीचे गिर गई। इस हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। वहीं, किसी ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को भी दी। मौके पर राहत और बचाव कार्य जारी इस घटना में मरने वालों में वहां काम करने वाले मजदूर शामिल हैं। मारे गए मजदूरों के शव पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिए गए हैं।

# रतनपुर प्रेस क्लब द्वारा हिंदी दिवस पर प्रतिभा सम्मान समारोह का सफल आयोजन संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।





रतनपुर प्रेस क्लब द्वारा 14 सितंबर को हिंदी दिवस के अवसर पर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गयाए जिसके तहत विभिन्न स्कूलों के मेघावी छात्र-छात्राओं व नगर का गौरव बढ़ाने में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले विभूतियों को सम्मानित किया गया। रतनपुर प्रेस क्लब के द्वारा महामाया भागवत मंच में आयोजित इस कार्यक्रम का यह दूसरा वर्ष था जहां पर रतनपुर के सभी स्कूलों के छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रेणु जोगी और कार्यक्रम की अध्यक्षता न.पा.अध्यक्ष घनश्याम रात्रे ने किया वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपाध्यक्ष कन्हैया यादव, विजय केसरवानी, जीवन मिश्रा,वादिर खान मौजूद रहे। अतिथियों के द्वारा महामाया की तेल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उसके पश्चात प्रेस क्लब के पदाधिकारी एवं सभी सदस्यों ने सभी अतिथियों को स सम्मान फूलमाला व पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस बीच मुख्य अतिथि विधायक रेणु योगी ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए हिंदी दिवस पर प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम और इस सफल आयोजन के लिए प्रेस क्लब की सराहना करते हुए सभी को बधाई दी। इसके पश्चात नगर के मेधावी छात्र-छात्राओं व विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाले विभूतियों के सम्मान का सिलसिला शुरू हुआ। जिसमें शा.कन्या उ.मा. विद्यालय की कक्षा 10 वीं में 96.33: अंक प्राप्त करने वाली शा.कन्या उ. मा. विद्यालय की छात्रा पल्लवी रजक जिन्होंने टॉप टेन से मात्र 3 अंक से चूक गई थी। फिर भी जिले में अग्रणी स्थान हासिल कर नगर का गौरव बढ़ाया। जिन्हें प्रेस क्लब के द्वारा प्रशस्ति पत्र,शील्ड व नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा नगर के विभिन्न स्कूलों में 10 वीं व 12वीं में प्रथम आने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो प्रदान कर उनका सम्मान किया गया वहीं विभिन्न क्षेत्रों में जैसे शिक्षा के क्षेत्र में शिवकुमार छत्रवाणी,शारदा राजपूत कला साहित्य के क्षेत्र में राजेंद्र कुमार वर्मा, रामेश्वर सोनीएखेल प्रोत्साहन में राजेंद्र जगत, वही चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतर सेवा प्रदान करने वाले डॉक्टर विजय चंदेल तथा उन्नत किसान मुख्तार खान,पुलिस विभाग में बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए कृष्ण मार्को, नगर का गौरव सम्मान प्रतिष्ठित व्यवसायी मुन्ना तम्बोली के सुपुत्र अभिषेक तंबोली जिनका डिप्टी कलेक्टर के रूप में चयन होने पर प्रेस क्लब के द्वारा सम्मानित किया गया। एवं चंद्रयान अभियान का हिस्सा बनकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले वैज्ञानिक विनोद गुप्ता को भी इस मंच पर सम्मान किया गया। इसके अलावा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी द्वारा नगर के पत्रकारों के हित में पत्रकार कालोनी के लिए भूमि आबंटित करने न.पा.परिषद में प्रस्ताव लाकर इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की बात कही गई। जिसमे उनके द्वारा आगे भरपूर सहयोग करने की बात कही गई। वही प्रेस क्लब के अध्यक्ष संतोष सोनी ने इस आयोजन के बारे में बताया कि नगर के प्रतिभा सम्मान समारोह का यह द्वितीय वर्ष था यह कार्यक्रम बहुत ही सफल रहा। हम अपने प्रेस क्लब के द्वारा नगर के होनहार व मेघावी छात्र-छात्राओं के हौसले बुलंद करने के लिए इस मंच के द्वारा उनका उत्साह वर्धन करते हैं। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को इस मंच के द्वारा निखारने व सामने काम किया जाता है इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी स्कूलों के बच्चों और शिक्षकों का मेल मिला भी होता है उसमें तुलनात्मक दृष्टिकोण से और बेहतर करने की इच्छा जागृत होती है। इसके अलावा विविध क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल कर नगर का गौरव बढ़ाने में जिनकी विशेष भूमिका रही है उन्हें भी इस मंच के द्वारा सम्मानित किया जाता है और आने वाले समय में प्रेस क्लब द्वारा जनहित व सामाजिक उत्थान के दिशा में और भी अनेक ऐसे कार्य किये जायेंगे जिससे लोगों को सकारात्मक लाभ हो सके इस कार्यक्रम का सफल संचालन मुकेश श्रीवास्तव ने किया वही अभार प्रदर्शन प्रेस क्लब के सचिव वासितअली ने किया



प्रेस क्लब के सभी साथी एवं गणमान्य नागरिकों के साथ भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## छत्तीसगढ़ में भारी बारिश की चेतावनी

रायगढ़, रायपुर, जशपुर, राजनांदगांव सहित 16 जिलों के लिए येलो और पांच जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी

**रायपुर** । रायपुर मौसम विभाग ने आज के लिए फिर से भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। गरियाबंद, कोंडागांव, बस्तर, सुकमा, दंतेवाड़ा के लिए ऑरेंज अलर्ट और प्रदेश के 16 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान गरज-चमक के साथ भारी बारिश होगी। बीते सोमवार से बुधवार तक रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, राजनांदगांव, बस्तर, सरगुजा सहित कई जिलों में तेज बारिश हुई है। बारिश के चलते कई जगहों के नदी, तालाब और नाले उफान पर है। बस्तियों में जलभराव हो गया है। कुछ जिलों में तो सड़के पानी से डूब गई है। 13 सितम्बर को भी राजधानी में दोपहर के बाद से झमाझम बारिश हुई थी। तेलीबांधा, पचपड़ी नाका, प्रोफेसर कालोनी, गोलबाजार, घड़ी चौक के पास जलभराव हुआ था। बारिश की वजह से आज (गुरुवार) को सुबह से ही मौसम सुहावना है। करीब ढाई बजे के बाद फिर से मौसम ने करवट ली और असमान में काले बदल व गरज-चमक के साथ फिर से बारिश शुरू हो गई। मौसम विभाग की माने तो अगले 24 घंटों के दौरान मौसम ऐसे ही रहने वाला है। मौसम विभाग ने जिन 16 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है उनमें बलरामपुर, जशपुर, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, महासमुंद, बिलासपुर,कबीरधाम, बेमेतरा, रायपुर, धमतरी, बालोद, राजनांदगांव, कांकेर, नारायणपुर, बीजापुर शामिल है।

## डेंगू नियंत्रण के लिए सोर्स रिडक्शन के साथ होगी जुर्माने की कार्यवाही

* जनसामान्य की जागरूकता से शहर में डेंगू को प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा नियंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**डेंगू नियंत्रण को लेकर नगर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग की हुई संयुक्त बैठक**

डेंगू के बढ़ते प्रकरण को नियंत्रित करने की दिशा में आज आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर के नेतृत्व में नगर निगम कक्ष में नगर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। आयुक्त नगर निगम चंद्रवंशी ने कहा कि शहर में बढ़ते डेंगू के प्रकरण को नियंत्रण हेतु नगर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा फॉगिंग एवं सोर्स रिडक्शन के साथ ही ऐसे मकानों और संस्थानों पर जुर्माने की कार्यवाही की जाएगी, जहां डेंगू मच्छर के लार्वा पनपने की संभावना है। डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर ने कहा कि डेंगू के नियंत्रण में जनसामान्य का सहयोग महत्वपूर्ण हैं। जनसामान्य की जागरूकता से शहर में डेंगू को प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सकेगा।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा रायगढ़ शहरी क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में पॉजिटिव मरीजों एवं चिन्हांकित वार्डो में जहां डेंगू के अधिक प्रकरण पाये जाते है ऐसे वार्डो में चल रहे सोर्स रिडक्शन की गतिविधियों के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। डेंगू के प्रकरण के नियंत्रण हेतु किए जा रहे गतिविधियों को प्रभावी बनाने के लिए निर्णय लिया गया। जिसमें मुख्य तौर पर गहन मॉनिटरिंग के दौरान लार्वा पाये जाने वाले मकानों एवं संस्थानों के मालिकों पर जुर्माना लगाया जाएगा। इसके साथ ही निजी मकान एवं संस्थानों में उपयोग में लाये जा रहे ओव्हर हेड टैंक में ढक्कन से ढका हुआ सुनिश्चित करने एवं जनसामान्य को जागरूक करने के उद्देश्य से व्यापक प्रचार-प्रसार एवं विभिन्न गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग तथा नगर निगम की संयुक्त टीम सोर्स रिडक्शन, फॉगिंग जैसे गतिविधियों को प्रभावी ढंग करना सुनिश्चित करेगी।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद ने प्रमोशन पर लगाया दी शुभकामनाएं

* एसपी आफिस के प्रभारी मुख्य लिपिक जेपी चेलकर को मिली निरीक्षक के पद पर पदोन्नति

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



पुलिस महानिदेशक महोदय अशोक जुनेजा द्वारा 13 सितंबर 2023 को राज्य के विभिन्न जिला, इकाई में कार्यरत 26 सूबेदार आंकिक एवं उप निरीक्षक को निरीक्षक के पद पर पदोन्नति आदेश जारी किया गया है । पदोन्नति प्राप्त करने वालों में जिला पुलिस बल रायगढ़ के एसपी ऑफिस में प्रभारी मुख्य रूप मुख्य लिपिक के पद पर कार्यरत उप निरीक्षक जमुना प्रसाद चेलकर भी शामिल है जिन्हें आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा उनके कंधे पर थ्री स्टार लगाकर पदोन्नति की शुभकामनाएं दिये और कहां गया की प्रमोशन मिलने के साथ-साथ जिम्मेदारियां और विभाग के प्रति जवाबदेही अधिक बढ़ जाती है, कुशलता पूर्वक अपने जिम्मेदारियां का निर्वहन करें। स्टार सेरेमनी के संक्षिप्त कार्यक्रम वरिष्ठ स्टेनो अशोक देवांगन तथा कार्यालयीन स्टाफ मौजूद थे। सभी ने जेपी चेलकर को मिठाई खिलाकर पदोन्नति की शुभकामनाएं दिए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### एक नजर

## जिला अल्पसंख्यक कल्याण समिति की त्रैमासिक बैठक 20 सितम्बर को

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

अल्पसंख्यक समुदाय से संबंधित नवीन 15 सूत्रीय कार्यक्रम के क्रियान्वयन एवं समस्याओं के समाधान एवं सुझाव हेतु जिला अल्पसंख्यक कल्याण समिति की त्रैमासिक बैठक 20 सितम्बर 2023 को अपरान्ह 3 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

## भारतीय वायु सेना अग्निवीर भर्ती रैली के संबंध में कैरियर मार्गदर्शन 21 सितम्बर को

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

भारतीय वायु सेना भर्ती कार्यालय भोपाल के अनुसार जिला मुख्यालय रायगढ़ में 21 सितम्बर 2023 को भारतीय वायु सेना एवं अग्निवीर भर्ती रैली के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान करने के लिए कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन शास.आईटीआई रायगढ़ में समय पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक शास.नटवर इंग्लिश मीडियम उ.मा.वि.रायगढ़ में समय दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम में अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं उपस्थित होकर भारतीय वायु सेना एवं अग्निवीर भर्ती रैली के संबंध में विस्तृत जानकारी तथा मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते है।

## जिले में 1063.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 15 सितम्बर तक 1063.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 51.2 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1070.8 मिली मीटर, पुसौर में 1145.6, खरसिया में 846.1, घरघोड़ा में 1060.5, तमनार में 1000, लैलूंगा में 1083.4, मुकडेगा में 1209.6, धरमजयगढ़ में 1148.4, छाल में 927.5 एवं कापू में 1147.3 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## आयुष्मान भवः अभियान योजना अंतर्गत जिले में होंगे स्वास्थ्य सुविधाओं के तहत विभिन्न आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

आयुष्मान भवः कार्यक्रम का राष्ट्रीय स्तर पर शुभांरभ 13 सितम्बर 2023 भारत के राष्ट्रपति एवं केन्द्रीय मंत्री और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्रियों की उपस्थिति में किया गया। इस कार्यक्रम में समस्त राज्यों से राज्यपाल/उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री तथा संबंधित विभागों के मंत्री वर्जुअली शामिल हुये। जिला स्तर पर उद्घाटन कार्यक्रम 13 सितम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे जिला अस्पताल, समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (सीएचसी) और समस्त हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर आयोजित किया गया। प्रत्येक आयुष्मान भारत-हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पीएचसी) और उप-स्वास्थ्य केन्द्र (एसएचसी) में जनप्रतिनिधियों एवं निक्षय मित्र शामिल हुये।

विभिन्न स्वास्थ्य देखभाल योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने और हर गांव में महत्वपूर्ण स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के लिए, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार ने आयुष्मान भवः अभियान की योजना बनाई है। यह तीन प्रमुख घटकों वाला एक व्यापक अभियान है। जिसके तहत आयुष्मान आपके द्वार रायगढ़ जिला अंतर्गत 860351 पात्र व्यक्तियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया है एवं शेष का वितरण इस योजना के तहत् किया जायेगा। 17 सितम्बर से आयुष्मान मेला का आयोजन प्रदेश में साप्ताहिक रूप में दो स्तर पर किया जाना है। प्रथम स्तर-आयुष्मान भारत हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर में सप्ताहवार, विभिन्न थीम जैसे एन.सी.डी./टी.बी./लेप्रोसी/मातृत्व एवं षिषु स्वास्थ्य इत्यादि पर स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ रूप से उपलब्ध कराना। द्वितीय स्तर-मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध विशेषज्ञ (स्त्री रोग विषेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, शल्य चिकित्सा, निश्चेतना विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, नाक कान, गला रोग विशेषज्ञ, चर्म रोग विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक इत्यादि) के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र साप्ताहिक रूप से स्क्रीनिंग जांच एवं आवश्यक स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराना है। आयुष्मान सभा (02 अक्टूबर 2023)-विभिन्न स्वास्थ्य देखभाल योजनाओं और सेवाओं के बारे से जागरूकता बढ़ाने के लिए एक ग्राम/वार्ड स्तरीय सभा का आयोजन एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं सरकारी स्कूलों में बच्चों की स्क्रीनिंग किया जाना है।

## दिवंगत राजेंद्र को कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजली

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

नगर के प्रतिष्ठित व्यवसाई, चैंबर ऑफ कॉमर्स जिला ईकाई के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल के निधन पर वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने गहन शोक जताया है।वरिष्ठ कांग्रेस नेता जगदीश मेहर ने कहा की राजेंद्र भाई रायगढ़ के आम जनता की आवाज थे।



वरिष्ठ कांग्रेसी दिनेश जायसवाल ने उन्हें कमजोर वर्ग का मसीहा बताया तो वहीं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता संतोष राय ने अपने मामा की जीवटता की न सिर्फ तारीफ की बल्कि चैंबर के अलावा रेलवे सलाहकार व राजनैतिक पार्टियों मे भी उन्हें किंगमेकर की भूमिका में बताया। वरिष्ठ पत्रकार व कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता हरेराम तिवारी ने स्व. राजेंद्र अग्रवाल को नगर का बेहद ऊर्जावान एवं जिंदादिल इंसान बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व मे न सिर्फ चैंबर ने नई ऊंचाईयों को छुआ है बल्कि रायगढ़ रेलवे में भी आम पैसेंजर्स को जरुरी सुविधाएं उपलब्ध कराने रेल्वे अधिकारियों से कतई समझौता पसंद नहीं करते थे। प्लेटफार्म पर उनकी इंट्री से ही प्रबंधन चौकन्ना हो जाता था। वरिष्ठ कांग्रेस नेता संतोष अग्रवाल ने कहा की राजेंद्र चैंबर वो शख्सियत थे जो जनहित के मुद्दे पर शासन प्रशासन के खिलाफ किसी भी आंदोलन मे हमेशा न सिर्फ सबसे आगे रहते थे बल्कि उनका समार्गदर्शन भी करते थे। उनका निधन शहर वासियों के लिए अत्यंत छति पूर्ण है जिसकी भरपाई संभव नहींस कांग्रेस नेता रमेश बंसलएकैलाश शर्मा,भुवाल शुक्ला,रमेश लिटी,विनोद कपूर,उज्वल मीरी, उसत,भट्ट आदि कांग्रेसजनों ने दिवंगत को शोक श्रद्धांजली देते हुए पीड़ित परिवार को इस असीम दुख की घड़ी में सहनशक्ति प्रदान करने, परमेश्वर से प्रार्थना की है।

## 38 वां चक्रधर समारोह का आयोजन 19 से 21 सितम्बर तक

21 सितम्बर को राष्ट्रीय स्तर महिला कुश्ती एवं 19 से 21 सितम्बर तक होगा

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



38 वां चक्रधर समारोह का आयोजन 19 से 21 सितम्बर तक सायं 6 बजे से नगर निगम ऑडिटोरियम रायगढ़ में होगा। चक्रधर समारोह महाराजा चक्रधर सिंह के सांगीतिक व्यक्तित्व का स्पंदित रूपांकन है। शास्त्रीयता, लोकरंग और महाराजा चक्रधर सिंह के प्रिय खेल कुश्ती के संयोजन के साथ सुर-ताल-छंद और घुंघरू की यह परम्परा निरंतर जारी है। चक्रधर समारोह के इतिहास में पहली बार युवा सहभागिता के तहत इस वर्ष जिले एवं प्रदेश की बहुसंख्य सांस्कृतिक प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया जा रहा है। गायन-वादन और नृत्य के शीर्षस्थ कलाकारों सहित नयी पीढ़ी के प्रतिभाशाली फनकार इस समारोह में शिरकत करते रहे है। चक्रधर समारोह में इस वर्ष सुश्री नेहा बनर्जी, डॉ.विनोद मिश्र, डॉ.परितोष पोहनकर सहित इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। युवा सहभागिता में रायगढ़ जिले के स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दोपहर 12 से सायं 5 बजे तक होगी। इसी तरह युवा सहभागिता में रायगढ़ जिले के स्थानीय कलाकारों द्वारा आयोजित प्रस्तुति दोपहर 12 से सायं 4 बजे तक होगी। 19 सितम्बर मंगलवार को चक्रधर समारोह का उदघाटन समारोह गणेश पूजन एवं दीप प्रज्जवलन के साथ होगा। इसी कड़ी में वेदमणि सिंह ठाकुर एवं ग्रुप रायगढ़ द्वारा गणेश वंदना की प्रस्तुति देंगे। चक्रधर कला एवं संगीत विद्यालय, रायगढ़ द्वारा राज्यगीत (नृत्य के साथ), पं.परितोष पोहनकर द्वारा शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति देंगे। इसी तरह



सोमा दास एवं ग्रुप (चक्रधर बाल सदन रायगढ़ की बालिकाओं द्वारा)कथक नृत्य की विशेष प्रस्तुति, डॉ.विनोद मिश्र (ख्याल एवं ढुमरी)पर शास्त्रीय गायन, सुश्री आर्या नंदे 'श्रीधारा' द्वारा ओडिसी नृत्य, सुश्री गीतिका ठेठवार द्वारा बांसुरी वादन, सुश्री मधुमिता नकवी द्वारा शास्त्रीय गायन, सुश्री अंजली शर्मा द्वारा कथक नृत्य, श्री प्रफुल्ल सिंह गहलोत द्वारा कथक नृत्य एवं श्री दीपक आचार्य एवं ग्रुप रायगढ़ छत्तीसगढ़ी लोक संगीत रंग की प्रस्तुति देंगे। 20 सितम्बर बुधवार को सुश्री आनंदिता तिवारी द्वारा कथक नृत्य, मनोज जायसवाल द्वारा सितार वादन, सुश्री ज्योतिश्री बोहिदार (रायगढ़ घराना) द्वारा कथक नृत्य, गरीब दास महंत रायगढ़ द्वारा तबला वादन, सुश्री नेहा बनर्जी द्वारा कथक नृत्य, सुश्री आरती सिंह द्वारा लोक संगीत (लोकचदा), सुश्री घनिष्ठा दुबे (रायगढ़ घराना)द्वारा कथक नृत्य, मो.रौशन अली रायगढ़ द्वारा देशभक्ति एवं भजन गायन, हुतेन्द्र ईश्वर शर्मा रायगढ़ द्वारा लोक रंग नाचा, कु.श्रुतिदास रायगढ़ द्वारा ओडिसी नृत्य, मो.अयान द्वारा पियानो वादन एवं सुश्री ऐश्वर्या पंडित गायन की प्रस्तुति देंगी। 21 सितम्बर गुरूवार को इंदिरा संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ द्वारा विशिष्ट कार्यक्रम की प्रस्तुतियां होगी। सुश्री तब्बू परबीन (रायगढ़ घराना)द्वारा कथक नृत्य, अनिल तांडी एवं ग्रुप भिलाई द्वारा भरत नाट्यम, सुश्री आशना दिल्लीवार द्वारा कथक नृत्य, इबरार अहमद एवं संजय चौहान रायगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ी भजन/लोकगायन, सुश्री सुहानी स्वर्णकार सारंगढ़ द्वारा कथक नृत्य, डॉ.गौरव कुमार पाठक बिलासपुर द्वारा शास्त्रीय गायन एवं युवराज सिंह आजाद एवं ग्रुप रायगढ़ द्वारा नाटक (इप्टा)की प्रस्तुति देंगे।

### 19 से 21 सितम्बर तक होगा जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता

चक्रधर समारोह के अवसर पर 19 से 21 सितम्बर को जिला स्तरीय महिला एवं पुरूष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में किया जाएगा। सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण श्री अमित मरकाम ने जानकारी देते हुए बताया कि कबड्डी प्रतियोगिता में रायगढ़ के सभी विकासखण्ड सहित बरमकेला, सारंगढ़ के अलावा पुलिस, होमगार्ड, रायगढ़ नगर निगम एवं जिंदल सहित कुल 26 टीम हिस्सा लेगी।

### 21 सितम्बर को होगी राष्ट्रीय स्तर महिला कुश्ती प्रतियोगिता

चक्रधर समारोह के अवसर पर 21 सितम्बर को प्रातः 10 बजे से शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में राष्ट्रीय स्तर महिला कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन होगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री बी.के.राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया कि महिला कुश्ती प्रतियोगिता 4 विभिन्न किलोग्राम वजन वर्ग में आयोजित होगी।

# जिला स्तरीय स्कूल सफाई कर्मचारियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन,15 सितंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल में रहेंगे

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।






प्रदेश स्तरीय छत्तीसगढ़ अंशकालीन स्कूल सफ ाई कर्मचारी कल्याण संघ के सभी जिलों से 23 सितम्बर को नया रायपुर तूता धरना स्थल के सामने पहुंचकर मुख्यमंत्री निवास धेराव वादा निभाओ उग्र आंदोलन वही आज बिलासपुर गांधी चौक से रैली निकालते हुए प्रदर्शन करते हुए स्कूल सफाई कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम पर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन और 15 सितम्बर से अनिश्चितकालीन हड़ताल में रहेंगे स्कूल सफ ाई कर्मचारी की नियुक्ति सन 2011 में हुई थी। स्कूल सफ ाई कर्मचारियों का कार्य 2 घंटे सुबह 10 से 12 तक कार्य लिया जाता है दोपहर 12 बजे के उपरांत दूसरा अन्य कोई कार्य नहीं मिल पाने के कारण दिनभर की मजदूरी से वंचित रह जाते हैं जिसके एवज में कर्मचारियों को 2 हजार प्रतिमाह मानदेय निर्धारित है यह मानदेय प्रतिमाह न देकर 3 से 4 महीने में भुगतान किया जाता है इतनी कम राशि में अपने परिवार का भरण पोषण नहीं कर पा रहे हैं जिसके कारण हमें आर्थिक शारीरिक मानसिक रूप से परेशानियों का सामना करना पड़ता है हमारे कई अन्य साथी गरीबी से परेशान होकर आत्महत्या भी कर चुके हैं सफाई कार्य में अधिकांश निम्न वर्गों के लोग कर रहे हैं जिसमें से 90: सदस्य अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोग हैं संघ की मांगों को लेकर लगभग 45 विधायक और कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों के अनुशंसा करने के बाद भी अनेकों बार मुख्यमंत्री विधायकों से चर्चा करने पर केवल झूठे आश्वासन दिए गए हैं परंतु आज तक मांगे पूरी नहीं की गई 2018 विधानसभा चुनाव के पहले टी एस सिंह देव ने मौखिक और लिखित रूप में घोषणा पत्र में मांग को शामिल कर कांग्रेस की सरकार बनने पर मांगे पूरी किए जाने की बात कही थी छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार बनने के बाद संघ के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, डॉ. शिव कुमार डहरिया श्रम मंत्री, प्रेम सायं टेकाम शिक्षा मंत्री,टी एस सिंह देव स्वास्थ्य एवं ग्रामीण मंत्री और कांग्रेस के कार्यकर्ता व नेताओं से अनेकों बार मुलाकात कर चर्चा करने पर केवल आश्वासन दिया गया है कांग्रेस सरकार के लगभग 5 वर्ष पूरे होने के बाद भी मांगे पूरी नहीं होने पर कर्मचारियों में आक्रोश बनी हुई है इसलिए कर्मचारी संघ के द्वारा छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में से एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर वादा निभाओ रैली निकाली जा रही है तथा जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन संघ के द्वारा आग्रह व निवेदन किया जा रहा है संघ की मांगों को गंभीरता पूर्वक विचार कर पूरा किए जाने की बात कही जा रही है संघ के प्रांत अध्यक्ष संतोष खांडेकर,उपाध्यक्ष छाया साहू,भीम कुमार पटेला सचिव,पुनेश्वर लहरें कोषाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा मालिक राम गायकवाड प्रवक्ता, परदेस पलंगे संगठन मंत्री महिला प्रकोष्ठ सदस्य भारतीय बाला दुबे, खातून मैडम धनेश्वरी देवांगन अहिल्या ओम प्रकाश साहू, रमेश निर्मलकर, विद्यानंद निर्मलकर, चंद्रशेखर कश्यप, उमेंद्र यादव, लालटेन यादव, सुखदेव प्रसाद, सत्यजीत यादव, रोहित कौशिक, राहुल साहू, दिल हरण सूर्यवंशी, नरेश कुंभकार, रामेश्वर श्रीवास, अनूप, प्रीतम, कमलेश कौशिक,संतोष नवरंग, रमेश निर्मकर, सन्तोष बन्जारे,जिला मीडिया प्रभारी शेखर बैशवाड़े आदि संघ के सदस्यों ने जानकारी दी है।

## 12 वर्षों से संघ की प्रमुख लंबित मांगे

अंशकालीन को पूर्ण कालीन कर नियमित किया जाए व स्कूल शिक्षा विभाग में वृत्य पदों की भर्ती में सर्वप्रथम प्राथमिकता दी जाए।

# कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने ली स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के सभी अधिकारियों एवं प्राचार्यों को बच्चों के परीक्षा परिणाम को और अधिक बेहतर करने के लिए उन्हें पढ़ाई को प्रोत्साहित करने को कहा।



उन्होंने जिन स्कूलों में संबंधित विषय के शिक्षकों की कमी है, उस कमी को पूरा करने के लिए नजदीकी स्कूल, जहां उस विषय के शिक्षक उपलब्ध हैं उनके माध्यम से एक्स्ट्रा क्लास देने की बात कही। कलेक्टर ने कहा कि टेस्ट पेपर की जांच नियमित रूप से होना सुनिश्चित करें एवं विद्यालयों में शिक्षकों के उपस्थित पत्रक में सबकी उपस्थिति हो, साथ ही शिक्षकों की उपस्थिति को लेकर गूगल फार्म में एंट्री करने के सुझाव दिए। कलेक्टर ने कहा कि विद्यालयों में जिस भी प्रकाशन से बच्चों की पढ़ाई करवाई जा रही है, उसमें नियमित रूप से लेखन का अभ्यास करवाएं।

डॉ सिद्दीकी ने कहा कि बच्चों को अन्य स्कूली क्रियाकलापों एवं गतिविधियों के माध्यम से उन्हें पुरस्कृत कर प्रोत्साहित करने को कहा ताकि वे और बेहतर कर सकें। कलेक्टर ने कहा कि अगर किसी विद्यालय में शिक्षक उपस्थित नहीं है, ऐसी स्थिति में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में कलेक्टर ने जिले के हाईस्कूल और हायर सेकण्डरी स्कूलों में कक्षा नवमीं से 12वीं तक अध्ययनरत बच्चों में शिक्षा स्तर की परख करने के लिए अधिकारियों को मॉनीटरिंग करने, यह भी सुनिश्चित करने की समय पर कक्षाएं लगाई जा रही हैं या नहीं, नियमित रूप से आंतरिक मूल्यांकन किया जा रहा अथवा नहीं, आदि की रैण्डम परीक्षण करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही योग्य एवं प्रतिभाशाली छात्रों को चिन्हांकित कर उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के काबिल बनाने आवश्यक मार्गदर्शन देने के लिए भी कहा। उक्त बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी डेजी रानी जांगड़े सहित जिले के प्राचार्यगण उपस्थित थे।

# कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने की सरसीवां के ग्रामों में गिरदावरी का निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।



कलेक्टर डॉ फ रिहा आलम सिद्दीकी ने जिले के नवीन तहसील सरसींवा अंतर्गत गोपालपुर एवं भिनोदी ग्राम में पटवारी और तहसीलदार द्वारा किए जा रहे गिरदावरी कार्यों का निरीक्षण की एवं आवश्यक निर्देश दिए। डॉ सिद्दीकी ने उपस्थित राजस्व विभाग के अधिकारियों को इस संबंध में पटवारियों एवं सहकारी समितियों के आपरेटरों की बैठक लेकर कार्य पूर्ण कराने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि आपरेटरों द्वारा की जाने वाली एंट्री के कार्य को भी पूरी तरह से शुद्ध एवं सही तरीके से करें ताकि जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी एवं संबंधित तहसीलदार उपस्थित थे।

# सारंगढ़ में 20 सितम्बर को वायुसेना देगा अग्निवीर भर्ती का कैरियर मार्गदर्शन

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

भारतीय वायुसेना के भोपाल कार्यालय की ओर से वायुसेना के अग्निवीर भर्ती रैली के मद्देनजर 20 सितंबर 2023 को सारंगढ़ में कैरियर मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय सारंगढ़ में सुबह 11 बजे से 1 बजे तक और शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारंगढ में दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक होगा। इसमें जिले के साढ़े 17 वर्ष से 21 वर्ष आयु के युवक-युवती, जो कक्षा दसवीं उत्तीर्ण हो। साथ ही साथ ग्यारहवीं, बारहवीं, आईटीआई, पॉलिटेक्निक और कालेज आदि की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, वो भी युवा शामिल हो सकते हैं।

# कलेक्टर ने मेरी पॉलिसी मेरा हाथ अभियान का किया शुभांरभ

## किसानों की सुविधा के लिए घर पहुंच फसल बीमा पॉलिसी

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।




भारत सरकार कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय, कृषि भवन, नई दिल्ली द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के तहत प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की पहुंच बढ़ाने, व्यापक जागरूकता पैदा करने और बीमाकृत किसानों के घर तक नीतियां पहुंचाने के उद्देश्य से मेरी पॉलिसी मेरा हाथ अभियान के तहत खरीफ2023 अंतर्गत कलेक्टर कार्यालय जेठा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेरी पॉलिसी मेरा हाथ अभियान का शुभारंभ कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना द्वारा ग्राम भुरसीडीह और खुंटादहरा के 34 किसानों को फसल बीमा पॉलिसी का वितरण करते हुए किया गया।

उप संचालक कृषि शंशांक शिन्दे ने राज्य शासन के द्वारा जारी अधिसूचना की जानकारी देते हुए बताया कि फसलों को प्राकृतिक आपदा से क्षति की स्थिति में केवल फसल बीमा ही बेहतर विकल्प होता है। जिले में आगामी दिनों में बजाज एलायंज जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड द्वारा कृषि विभाग के सहयोग से ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर प्रत्येक बीमाकृत किसानों को मेरी पॉलिसी मेरा हाथ अभियान के तहत पॉलिसी का वितरण किया जायेगा तथा योजना की जानकारी देते हुए किसानों को जागरूक किया जाएगा। इस दौरान प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख, अधीक्षक भू-अभिलेख, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सक्ती, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, जिला प्रतिनिधी बजाज एलायंज जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड जिला सक्ती तथा ग्राम भुरसीडीह और खुंटादहरा के किसान उपस्थित थे।

## प्राकृतिक आपदा से फसल क्षति पर मिलता है किसानों को बीमा राशि

# अज्ञात व्यक्तियों ने हनुमान की प्रतिमा व मंदिर में तोड़-फोड़ के आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के लिए भाजपा ने किया धरना प्रदर्शन

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ति।



बिर्रा थाना अन्तर्गत ग्राम सिलादेही में अज्ञात लोगों द्वारा भगवान हनुमान की प्रतिमा व मंदिर को तोड़ दिया गया है, घटना 13 सितंबर की है। पुलिस प्रशासन दो दिन बीत जाने के बात भी आरोपियों को नहीं पकड़ पाने के विरोध में भाजपा बम्हनींडीह मंडलए बजरंग दल सहित क्षेत्र वासियों द्वारा धरना प्रदर्शन किया और तहसीलदार को राज्यपाल के नाम पर ज्ञापन सौंपा गया। जिसमे मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष निर्मल सिन्हा जिलाध्यक्ष भाजपा कृष्णकांत चंद्रा, जिला महामंत्री गगन जयपुरिया, मोहन कुमारी साहू भाजपा महिला मोर्चा जिलामंत्री उपस्थित रहे। इस अवसर पर कृष्णकांत चंद्रा ने को कांग्रेस सरकार को दोषी ठहराते हुए कहा कि इस प्रकार की तमाम घटना कांग्रेस सरकार की कार्यकाल में हो रही है। प्रदेश में धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। हिंदुओ, सनातन धर्म को मानने वालों को नष्ट करने की साजिश किया जा रहा है। सिलादेही में भी जिन अज्ञात लोगों द्वारा भगवान हनुमान की प्रतिमा व मंदिर को तोड़ने का पाप किए है, नंदनीय घटना है। आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिया जाए। इस घटना को दो दिन बीत गए हैं पर पुलिस अब तक आरोपियों की पता नहीं लगा सके हैं कांग्रेस सरकार द्वारा ऐसे अपराधियों को संरक्षण देने दिया जा रहा है। उन्होंने आगे शासन-प्रशासन व कांग्रेस सरकार को चेतावनी देते हुए कहां की जल्द से जल्द आरोपी को पकड़े और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दे नहीं तो भारतीय जनता पार्टी इससे भी बड़ी उग्र आंदोलन करेगी। जिसका संपूर्ण जानकारी शासन प्रशासन की होगी।

# कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा धान में पेनिकल माईट प्रबंधन पर दी गई सलाह

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



इंदिरा गांधी कृषि विश्व विद्यालय कृषि विज्ञान केन्द्र, रायगढ़ ने फसलों में होने वाले पेनिकल माईट के प्रकोप के संबंध में सलाह दी है। उन्होंने कहा कि सही समय में सही कृषि दवाई का उपयोग किया जाए ताकि फसलों को नुकसान होने से बचाया जा सके। पेनिकल माईट का प्रकोप सितम्बर-अक्टूबर माह में अधिक होता है। यदि पिछले वर्ष धान में पेनिकल माईट का प्रकोप हुआ है तो वर्तमान फसल मौसम में माईट प्रबंधन उपाय आवश्यक है। पेनिकल माईट नग्न ऑखों से दिखाई नहीं देता है। लीप शीथ के अंदर इसे देखने के लिए न्यूनतम 20× हेंड लेंस की आवश्यकता होती है, वयस्क माईट भूसे के रंग, अण्डाकार एवं लगभग 250 माइक्रोन लम्बाई के होते है। नर कीट अधिक सक्रिय होते और पत्ती सतह पर चलते हुए हैंड लेंस से देख सकते है। तापमान के आधार पर 7-12 दिन में एक सम्पूर्ण जीवन चक्र पूर्ण कर लेते है। यह कीट अंकूरण से लेकर फसल पकने तक प्रत्यक्ष रूप से पत्ती शिरा, लीफ शीथ व दाने का नुकसान करता है एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोगजनकों को बढ़ावा देती है। जिससे बांझ अनाज सिंड्रोम, शीथ रॉट, मुड़ा हुआ गर्दन, खाली या आंशिक भरे दाने के साथ भूरे रंग के साथ विकृत दाने का विकास होता है। लीप शीथ के नुकसान से पौधे की प्रकाश संश्लेषण एवं प्रजनन क्षमता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इससे लगभग 80 प्रतिशत तक उत्पादन में कमी आ सकती है। इसका प्रकोप स्वर्णा, कर्मा मासुरी, सुगंधित धान, संकर किस्म, महामाया, सांभा आदि किस्मों में माईट का ज्यादा प्रकोप होता है। पूर्वोपाय-ग्रसित क्षेत्र मे फसल कटाई के बाद जुताई करें जिससे सर्दियों में फिर से नये पौधे न निकल पायें। ग्रसित क्षेत्रों मे धान के अलावा अन्य वैकल्पिक फसल को बदलकर लगायें। कम स्तर पर माईट की संख्या पकड़ने के लिए रोपाई के 15 दिन बाद नमूना ले एवं रबी मे धान फसल लेने से बचें। चूंकि माईट कीट ना होकर के एक प्रकार की मकड़ी की प्रजाति है अत: इसके रासायनिक प्रबंधन के लिए कीटनाशक की जगह मकड़ीनाशक का उपयोग करना चाहिए। इसके लिए पहला छिड़काव गभोट आने के समय व दूसरा छिड़काव 2-3 बाली आने के स्थिति में हेक्साथियोजोक्स 5.45 प्रतिशत ईसी का 250 मिली प्रति एकड या प्रोपरजाइट 57 प्रतिशत ईसी का 500 मि.ली. प्रति एकड या स्पायरोमेसिफेन 22.9 प्रतिशत एस.सी. का 150 मि.ली. प्रति एकड या एबोमेक्टिन 1.8 प्रतिशत 100 मि.ली. प्रति एकड या फेनपायरोक्सीमेट 5 प्रतिशत ईसी का 300 मि.ली. प्रति हेक्टयर उपयोग करें। इनमें से किसी भी एक मकड़ीनाशक के साथ प्रोपीकोनाजोल 25 ईसी का 2 मि.ली. प्रति लीटर पानी के साथ मिलाकर सुबह या शाम के समय छिड़काव करना चाहिए।

जिला स्तरीय नि:शुल्क स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन

# 972 रोगियों का हुआ उपचार, 260 लोगों का किया गया हिमोग्लोबिन एवं शुगर जांच

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




छ.ग.शासन संचालनालय आयुष रायपुर के निर्देशानुसार आयुष विभाग द्वारा जिला स्तरीय नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन शासकीय आयुर्वेद कार्यालय, रायगढ़ में किया गया। आयुष मेला में 972 रोगियों का नि:शुल्क उपचार किया गया। साथ ही 260 लोगों का हिमोग्लोबिन एवं शुगर जांच भी की गई। आयुष मेला का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल के मुख्य आतिथ्य में किया गया। उल्लेखनीय है कि शासन लगातार आयुर्वेद पद्धति के विकास के लिए प्रतिबद्ध है लोगों का झुकाव दिनों दिन बढ़ती जा रही है। प्राचीन चिकित्सा पद्धति पर लोगों का विश्वास बढ़ते जा रहा है। शिविर का उद्देश्य आम जनता को अधिक से अधिक आयुर्वेद एवं होम्योपैथी पद्धति द्वारा स्वास्थ्य लाभ देना एवं जागरूक करना है। शिविर में आयुर्वेद एवं होम्योपैथी पद्धति से नि:शुल्क उपचार कर ग्रामीणों को नि:शुल्क औषधि का वितरण किया गया। उक्त शिविर में ज्यादातर बात रोग, आमवात, गठिया बात, जानुशूल, कटिशुल, दौरबल्य, शीरशुल, उदर रोग, चर्म रोग, मूत्र रोग, अर्श, प्रतिशयाय, श्वास, कास, ज्वर मधुमेह, उच्च रक्तचाप, स्त्री रोग, नेत्र रोग, कान रोग, गला रोग, खून की कमी इत्यादि प्रकार के रोगियों का नि:शुल्क उपचार कर औषधि प्रदान किया गया। उक्त शिविर में 972 रोगियों का उपचार किया गया। जिसमें 180 रोगियों का होम्योपैथी पद्धति से एवं 792 लोगों का आयुर्वेद पद्धति से किया गया।

डॉक्टर संजीव गुप्ता के द्वारा जड़ी बूटियों की पहचान एवं उनकी उपयोगिता बताई साथ ही साथ घरेलू उपचार से लोगों को अवगत कराया गया। डॉक्टर प्रशांत सक्सेना ने पंचकर्म चिकित्सा की महत्ता, मिलेट्स की महत्ता, डेंगू के बारे में लोगों जागरूक किया गया एवं नशामुक्ति संबंधित लोगों को जानकारी दी गई।

राष्ट्रीय पोषण माह चल रहा है उक्त संबंध में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं इस बारे में लोगों को विस्तार पूर्वक जानकारी देकर जागरूक किया गया। शिविर में उच्चरक्त चाप से बचाव, मधुमेह से बचाव, रक्तलपता, बात रोग, जरा रोग, योग, रोग एवं योग मानसिक शान्ति के पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया साथ पंचकर्म चिकित्सा की फ्लेक्स के माध्यम से प्रदर्शनी लगाई गई एवं जानकारी दी गई। इस अवसर पर संगीता गुप्ता डीडीसी, डॉ.अश्विनी शर्मा, डॉ.अंबुवानी, डॉ.मीरा भगत, आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉक्टर देवाशीष राय चौधरी, डॉ.प्रशांत सक्सेना, डॉ.शेष बाहदुर यादव, डॉ.सुभाष झा, डॉ.अजय नायक सहित विभिन्न डॉक्टर उपस्थित रहे।

## ड्रीम गर्ल 2 बनी अनन्या की पहली 100 करोड़ी फिल्म



अनन्या पांडे आजकल अपनी फिल्म ड्रीम गर्ल 2 की सफलता का आनंद उठा रही हैं। इसमें उनकी जोड़ी पहली बार आयुष्मान खुराना के साथ बनी है।ड्रीम गर्ल 2 ने भारत में 100 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है, जिसके बाद अनन्या की खुशी सातवें आसमान पर है और हों भी क्यों न यह उनके करियर की पहली फिल्म है, जिसने 100 करोड़ रुपये कमाए हैं।ऐसे में हम आपको उनकी पिछली फिल्म की कमाई बताएंगे। अनन्या को पिछली बार विजय देवरकोंडा की लाइगर में देखा गया था। हालांकि, पिछले साल रिलीज हुई यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी।90 करोड़ रुपये की लागत में बनी लाइगर ने 20.05 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।



## वामिका गब्बी ने चार्ली चोपड़ा में जासूस की भूमिका निभाने पर कहा, यह एक अविश्वसनीय सम्मान

मॉडर्न लव मुंबई, जुबली, मॉडर्न लव चेन्नई और 83 के लिए मशहूर अभिनेत्री वामिका गब्बी महिला जासूसी सीरीज चार्ली चोपड़ा एंड द मिस्ट्री ऑफ सोलंग वैली में मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी। अभिनेत्री ने कहा कि एक महिला जासूस का किरदार निभाना मेरे लिए अविश्वसनीय सम्मान हैं।

मनोरंजक मर्डर मिस्ट्री अगाथा क्रिस्टी के उपन्यास, द सिटाफोर्ड मिस्ट्री का आधिकारिक रूपांतरण है। इसे विशाल भारद्वाज द्वारा जीवंत किया गया है।

गैबी द्वारा अभिनीत यह सीरीज चार्ली चोपड़ा की कहानी पर आधारित है, जो एक निर्दोष अपराधी को बचाने और संदिग्धों से भरे शहर में असली अपराधी को खोजने के लिए एक हत्या के रहस्य में उलझ जाती है।

अपने उत्साह को साझा करते हुए अभिनेत्री ने कहा, किसी शो में भारत की पहली महिला जासूस की भूमिका निभाना एक अविश्वसनीय सम्मान है। चार्ली चोपड़ा एक ऐसा किरदार है, जिसमें मैंने अपना दिल लगा दिया है, और मैं इस रोमांचकारी यात्रा पर दर्शकों के साथ जुड़ने का इंतजार नहीं कर सकती। सीरीज में नसीरुद्दीन शाह, रत्ना पाठक शाह, गुलशन ग्रोवर, नीना गुप्ता, लारा दत्ता, प्रियांशु पेनयुली, चंदन रॉय सान्याल, इमाउद्दीन शाह, विवान शाह और पाओली दाम जैसे कलाकार शामिल हैं। वामिका ने आगे कहा, अक्सर हम महिलाओं को इस तरह के किरदारों में नहीं देखते हैं, और विशाल सर वास्तव में ऐसे व्यक्ति हैं जो हर चरित्र को इतने विस्तार से लिखते हैं। मैं हमेशा से उनके महिला किरदारों की बेहद शौकीन रही हूं, जिन्हें वह अपनी स्क्रिप्ट में लिखते हैं और चार्ली भी इससे अलग नहीं है। यह अब तक की मेरी सबसे महत्वाकांक्षी भूमिका है। चार्ली चोपड़ा एंड द मिस्ट्री ऑफ सोलंग वैली का प्रीमियर 27 सितंबर को सोनी लिव पर होने वाला है। इसके अलावा वामिका तब्बू के साथ खुफिया और वरुण धवन के साथ वीडी18 में भी नजर आएंगी।

## वेस्टर्न ही नहीं एथनिक में भी बवाल लगती हैं नोरा फतेही, फोटोज देख लट्टू हुए फैंस

बॉलीवुड की फेमस डांसर और अभिनेत्री नोरा फतेही आए दिन अपने बहतरीन लुक्स से इंटरनेट पर बिजलियां गिराती रहती हैं। लेटेस्ट तस्वीरों में एक्ट्रेस ने सिंपल सी साड़ी पहन कर एक बार फिर से सोशल मीडिया पर लाइमलाइट लूट ली है। इन तस्वीरों में उनकी कातिलाना अदाएं देखकर फैंस के दिलों पर खंजर चल गए हैं।

डांसिंग क्वीन नोरा फतेही ने हाल ही में अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरों से फैंस को दीवाना बना दिया है। इन तस्वीरों में नोरा फतेही ने ग्रीन कलर की बनारसी लुक में साड़ी पहनी हुई है,साथ ही डीपनेक ब्लाउज से अपने लुक को टिम अप किया हुआ है। ओपन हेयर, कानों में झुमकें और मिनिमल मेकअप कर के एक्ट्रेस नोरा फतेही ने अपने लुक को अच्छे से निखारा है। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक लुक पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। इन तस्वीरों में नोरा फतेही का खूबसूरत और कातिलाना अंदाज देखकर फैंस मदहोश हो गए हैं। नोरा फतेही ने इन तस्वीरों को क्लिक करवाते हुए एक से बढ़कर एक कातिलाना पोज दिए हैं। बता दें कि नोरा फतेही सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। साथ ही लाइफ से जुड़ी हर एक अपडेट्स फैंस के बीच शेयर करती हैं। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि नोरा ने एक बार फिर अपने लुक से लाइमलाइट लूट ली है।



## शिल्पा शेट्टी की सुखी का पहला गाना नशा जारी, 22 सितंबर कोरिलीज होगी फिल्म




बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी मौजूदा वक्त में अपनी आने वाली फिल्म सुखी को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। यह फिल्म 22 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। अब निर्माताओं ने सुखी का पहला गाना नशा जारी कर दिया है, जिसे बादशाह, चक्षु कोतवाल और अफसाना खान ने अपनी आवाज दी है। गाने के बोल राजा दिलवाला ने लिखे हैं। नशा का संगीत बादशाह और हितेन ने तैयार किया है। शिल्पा ने इंस्टाग्राम पर नशा गाना साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, अब सबको चढ़ेगा, रीयूनियन का नशा। नशा गाना अब रिलीज़ हो गया है।

यह गाना पॉप सॉन्ग है, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक इन्फ्लुएंस है, जो सिंथ-पॉप या मॉडर्न इलेक्ट्रॉनिक पॉप की खासियत है, हालांकि इसमें बॉलीवुड के डांस सॉन्ग का टच भी है, और निश्चित रूप से यह एक फुट टैपर है। नशा गाना फिल्म की थीम से कहीं अधिक मेल खाता है और दर्शकों को खुशी का एहसास कराता है। नशा के वीडियो में शिल्पा के इसी नाम के किरदार सुखी और उसके दोस्तों को दिखाया गया है, जो अपने स्कूल रियूनियन में जाते हैं। यह गाना उनके मां के किरदार की भावना को बखूबी दर्शाता है, जो रूटीन लाइफ से ब्रेक लेकर एन्जॉय करना चाहती हैं।

## भूमि पेडनेकर की फिल्म थैंक यू फॉर कमिंग का पहला गाना हांजी जारी



भूमि पेडनेकर पिछले कुछ वक्त से अपनी आगामी फिल्म थैंक यू फॉर कमिंग को लेकर चर्चा में हैं।इसका निर्देशन रिया कपूर के पति करण बूलानी कर रहे हैं। यह बतौर निर्देशक उनकी पहली फिल्म है।रिया और एकता कपूर ने मिलकर इस फिल्म के प्रोडक्शन का काम संभाला है। अब निर्माताओं ने थैंक यू फॉर कमिंग का पहला गाना हांजी जारी कर दिया था, जिसे सोशल मीडिया पर प्रशंसकों का बेशुमार प्यार मिल रहा है। भूमि ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर थैंक यू फॉर कमिंग का पहला गाना हांजी साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, रैगर फेंकने का समय? हांजी। यह गाना सारेगामा म्यूजिक यूट्यूब चैनल और अन्य सभी प्रमुख ओटीटी स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।थैंक यू फॉर कमिंग में शहनाज गिल, कुशा कपिला, डॉली सिंह, करण कुंद्रा, शिबानी बेदी और अनिल कपूर भी नजर आएंगे।.

## अजय देवगन ने किया सुपरनेचुरल थ्रिलर फिल्म का ऐलान

### अगले साल 8 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देगी मूवी



बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म दृश्यम 2 में नजर आए थे। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई की थी। इस फिल्म के बाद से अजय देवगन किसी फिल्म में नजर नहीं आए हैं और फैंस उनकी अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अजय देवगन की पाइपलाइन में कई फिल्में हैं। फिलहाल, अजय देवगन के फैंस के लिए खुशखबरी है क्योंकि उनकी अगली फिल्म की रिलीज डेट सामने आई है। अजय देवगन की इस सुपरनेचुरल थ्रिलर फिल्म का टाइटल अभी सामने नहीं आया है। आइए जानते हैं कि अजय देवगन की सुपरनेचुरल थ्रिलर फिल्म कब सिनेमाघरों में रिलीज होगी और इसमें उनके साथ कौन-कौन से स्टार्स नजर आएंगे।

अजय देवगन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्टर शेयर कर अपनी सुपरनेचुरल थ्रिलर फिल्म का अनाउंसमेंट किया है। अजय देवगन ने कैप्शन लिखा है, कुछ चीजें एक अलौकिक मोड़ लेने वाली हैं। विकास बहल के डायरेक्शन में बनने वाली एक दिलचस्प थ्रिलर में मैं, आर माधवन और ज्योतिका की तिकड़ी का गवाह बनूंगा। फिल्म 8 मार्च,2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# खेल

### आखिरी बॉल पर 2 रन बनाकर फाइनल में पहुंचा श्रीलंका

## एशिया कप में पाकिस्तान को 2 विकेट से हराया, 17 सितंबर को भारत से सामना




**कोलंबो।** डिफेंडिंग चैंपियन श्रीलंका ने एशिया कप-2023 के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। टीम ने गुरुवार रात को रोमांचक सुपर-4 मुकाबले में पाकिस्तान को 2 विकेट से हराया। आखिरी 2 गेंद पर श्रीलंका को 6 रन की जरूरत थी। चरिथ असालंका ने अगली गेंद पर चौका लगाया और आखिरी गेंद पर 2 रन लेकर टीम को रोमांचक जीत दिला दी। टीम 11वीं बार वनडे एशिया कप के फाइनल में पहुंची है। 17 सितंबर को कोलंबो के मैदान पर खिताबी मुकाबले में श्रीलंका का सामना भारत से होगा।

कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 42 ओवर में 7 विकेट पर 252 रन बनाए। डक्वर्थ-लुईस मेथड के तहत श्रीलंका को 252 का टारगेट ही मिला। श्रीलंका ने 42 ओवर में 8 विकेट खोकर जीत हासिल कर ली।

### आखिरी 2 ओवर में रोमांचक हुआ मुकाबला




आखिरी 12 बॉल पर श्रीलंका को 12 रन की जरूरत थी। यहां शाहीन अफरीदी बॉलिंग करने आए। श्रीलंका का स्कोर 240 रन पर 5 विकेट था। शुरुआती 2 गेंद पर 3 रन बन गए। तीसरी गेंद डॉट रही। चौथी गेंद पर धनंजय डी सिल्वा लॉन्ग ऑन पर कैच हो गए। पांचवीं गेंद पर दुनिथा वेल्लालागे भी कैच आउट हो गए। आखिरी गेंद पर एक रन बना।

अब आखिरी 6 गेंदों पर 8 रन की जरूरत। जमान खान के सामने प्रमोद मदुशन और चरिथ असालंका। पहली गेंद पर लेग बाय का एक रन बना। अगली गेंद डॉट हो गई और तीसरी गेंद पर एक रन आ गया। चौथी गेंद पर मदुशन रन आउट हो गए। 2 गेंद पर 6 रन की जरूरत। जमान ने ऑफ स्टंप के बाहर बॉल फेंकी, असालंका ने तेजी से बैट घुमाया और बॉल थर्ड मैन की दिशा में 4 रन के लिए चली गई। लास्ट बॉल पर 2 रन की जरूरत। जमान ने मिडिल स्टंप पर फुलर लेंथ स्लोअर बॉल फेंकी।

असालंका ने स्क्वेयर लेग की दिशा में फ्लिक किया और 2 रन लेकर अपनी टीम को रोमांचक मुकाबले में जीत दिला दी। असालंका 49 रन बनाकर नॉट आउट रहे और टीम को लगातार दूसरी बार एशिया कप के फाइनल में पहुंचा दिया। पाकिस्तान के लिए मोहम्मद रिजवान और इफ्तिखार अहमद ने 108 रन की पार्टनरशिप की। दोनों ने वनडे एशिया कप में पाकिस्तान के लिए छठे विकेट पर सबसे बड़ी पार्टनरशिप का रिकॉर्ड बनाया। दोनों ने फवाद आलम और सोहेल तनवीर का रिकॉर्ड तोड़ा।

## एक नजर

## क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने किया नेकगार्ड पहनना अनिवार्य

**मेलबर्न** । क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने अपने सभी अंतरराष्ट्रीय और घरेलू खिलाड़ियों के लिये एक अक्टूबर से नेकगार्ड (गले की सुरक्षा के लिये उपकरण) पहनना अनिवार्य कर दिया है ।



वर्ष 2023 . 24 की खेलने की नयी शर्तो और नियमों के तहत आस्ट्रेलिया के क्रिकेटर को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में तेज या मध्यम तेज गेंदबाजों का सामना करते हुए नेकगार्ड पहनना जरूरी है ।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सात सितंबर को पहले वनडे के दौरान कैगिसो रबाडा का बाउंसर कैमरन ग्रीन के गले में लगने के बाद यह फैसला लिया गया । गेंद ग्रीन के हेलमेट में फिक्स नेकगार्ड पर टकराई और उन्हें कनकशन ( सिर की चोट ) के कारण बाहर जाना पड़ा ।

सीए के इस फैसले का डेविड वॉर्नर और स्टीव स्मिथ जैसे खिलाड़ियों पर असर पड़ेगा जो इसे पहनने से परहेज करते आये हैं ।

यह नियम स्पिनरों का सामना करते हुए या विकेटकीपरों और करीबी फील्डरों पर लागू नहीं होगा।

## टीम इंडिया का स्टार खिलाड़ी फिट, बांग्लादेश के खिलाफ मिल सकता है मौका

**नईदिल्ली** । भारतीय टीम एशिया कप 2023 के फाइनल में पहुंच चुकी है। लेकिन अभी एक और मुकाबला होना बाकी है। फाइनल 17 सितंबर को खेला जाएगा, इससे पहले 15 सितंबर को भारत और बांग्लादेश के बीच मैच होना है। वैसे तो इस मैच का कोई महत्व नहीं है। टीम इंडिया जीतेगी तो उसके छह अंक हो जाएंगे, वहीं अगर बांग्लादेश ने जीत दर्ज की तो उनके पास दो अंक हो जाएंगे।

## एशियन गेम्स के लिए भारतीय मेंस फुटबॉल टीम का ऐलान

### अंडर-23 टीम के साथ जाएंगे सुनील छेत्री; झिंगन और गोलकीपर गुरप्रीत बाहर

चीन के होंगझू में इसी महीने होने वाले एशियन गेम्स के लिए भारतीय मेंस फुटबॉल टीम का ऐलान हो गया है। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन ने बुधवार (13 सितंबर) को 18 सदस्यीय मेंस टीम की घोषणा की।




एशियन गेम्स में फुटबॉल की -23 टीमों के मुकाबले ही होंगे। जिसमें सभी टीमों के 3 ही सीनियर खिलाड़ी हिस्सा ले सकेंगे। इससे पहले जब 1 अगस्त को 22 सदस्यीय भारतीय टीम शॉर्टलिस्ट हुई तब 3 सीनियर खिलाड़ी शामिल थे। सीनियर खिलाड़ियों में संदेश झिंगन, गुरप्रीत सिंह संधू और सुनील छेत्री थे, लेकिन अब केवल छेत्री को जगह मिली है।

### भारत ग्रुप ए में मेजबान के साथ

टूर्नामेंट में 23 टीमें हैं, जिन्हें छह ग्रुप में बांटा गया है, ग्रुप ए, बी, सी, ई और एफ में प्रत्येक में चार टीमें हैं, जबकि ग्रुप डी में तीन टीमें हैं। भारत की मेंस टीम को ग्रुप ए में मेजबान चीन, बांग्लादेश और म्यांमार के साथ रखा गया है।

### 1970 से फुटबॉल में मेडल नहीं जीत सका भारत

*एशियन गेम्स इसी साल 23 सितंबर से 8 अक्टूबर के बीच चीन के हांगझू में होंगे। भारत ने एशियन गेम्स (1951 और 1962) में 2 गोल्ड मेडल जीते हैं। टीम 1970 में एक ब्रॉन्ज मेडल भी जीत चुकी है।*

## भारत और बांग्लादेश के बीच फैंटेसी इलेवनविराट को कप्तान और कुलदीप यादव को रख सकते हैं उप कप्तान

**कोलंबो।** एशिया कप-2023 में सुपर-4 स्टेज का आखिरी मुकाबला आज भारत और बांग्लादेश के बीच खेला जाएगा। मैच कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में भारतीय टाइमिंग के मुताबिक दोपहर 3:00 बजे शुरू होगा। टॉस दोपहर 2:30 बजे होगा। केएल राहुल-एशिया कप में सुपर फोर से केएल राहुल ने करीब 5 महीने बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से वापसी की है। राहुल ने अब तक खेले 2 मैचों में 150 की औसत से 150 रन बनाए हैं। पाकिस्तान के खिलाफ सुपर फोर के पहले मैच में नाबाद 111 रन की पारी खेली। रोहित, विराट कोहली और शुभमन गिल को बल्लेबाज के तौर पर शामिल कर सकते हैं। रोहित शर्मा- एशिया कप में श्रीलंका के खिलाफ सुपर फोर के दूसरे मुकाबले में रोहित शर्मा टीम इंडिया के टॉप स्कोरर थे। उन्होंने 48 गेंदों पर 53 रन की पारी खेली थी। वहीं पाकिस्तान के खिलाफ मैच में भी टीम को अच्छी शुरुआत देते हुए 49 गेंदों पर 57 रन बनाए थे। वहीं इससे पहले ग्रुप लीग मैच में नेपाल के साथ दूसरे मुकाबले में 59 गेंदों पर नाबाद 74 रन की पारी खेली। विराट कोहली- एशिया कप में अब तक विराट कोहली ने 4 मैचों में 64.50 की औसत से 129 रन बनाए हैं। सुपर फोर मुकाबले में विराट कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 122 रन की पारी खेली। वह ICC के वनडे रैंकिंग में 8वें स्थान पर काबिज हैं। शुभमन गिल- एशिया कप में श्रीलंका के खिलाफ सुपर फोर के दूसरे मुकाबले में 19 रन बनाए थे। एशिया कप में अब तक विराट कोहली ने 4 मैचों में 51.33 की औसत से 154 रन बनाए हैं।वह ICC के वनडे रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज हैं।




**न्यायालय तहसीलदार बाराद्वार, जिला सक्ती ( छ.ग. )**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. /अ-2/2023-24
ग्राम-सकरेली (बा.) प.ह.नं.-13

आवेदक श्री रितेश कुमार अग्रवाल पिता नटवर लाल अग्रवाल
निवासी ग्राम नया बाराद्वार तहसील बाराद्वार जिला सक्ती (छ.ग.) .........आवेदक

**बनाम**

छ.ग. शासन .......................................................... .अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण निवासी ग्राम सकरेली (बा) प.ह.नं. 13 तहसील बाराद्वार को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री रितेश कुमार अग्रवाल पिता नटवर लाल अग्रवाल निवासी ग्राम नया बाराद्वार द्वारा प.ह.नं. 13 ग्राम सकरेली (बा.)स्थित भूमि ख.नं. 233/1, 233/3, 234/2, 249, 250, 251, 253/1, 257/1, 257/2, 258, 275 एवं 276 रकबा क्रमशः 0.17, 0.40, 0.09, 1.53, 0.11, 0.12, 0.14, 0.28, 0.25, 0.23, 0.85 कुल रकबा 2.42 एकड़ (1.786 हे) भूमि का औद्योगिक प्रायोजन के लिए व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सक्ती को प्रस्तुत किया है। जो जांच एवं प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी भी प्रकार का दावा/आपत्ति करना है वह स्वयं या अपने वैध अभिभावक के माध्यम से प्रकरण में सुनवाई तिथि 27/09/2023 तक प्रस्तुत कर सकता है तिथि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/09/2023 को मेरे शील मुद्रा से जारी किया गया।

सील

**तहसीलदार**
बाराद्वार जिला सक्ती (छ.ग.)

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा झंडा दिखा कर परिवर्तन यात्रा को किया रवाना

## इंडी गठबंधन को बताया घमंडियों और सनातन विरोधियों का बताया जमावड़ा

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



गुरूवार को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने झंडा दिखा कर,परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा महाराष्ट्र के पुणे से नियमित विमान से झारखंड की राजधानी रांची पहुंचे। यहां से उन्हें हेलिकाप्टर से जशपुर पहुंचना था। लेकिन,मौसम खराब होने के कारण,हेलीकाप्टर को उड़ान भरने की अनुमति नहीं मिली। इससे वे दो घंटे से अधिक समय तक रांची एयरपोर्ट में फंसे रहे। यही हाल,भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव,प्रदेश प्रभारी ओम माथुर के साथ भी हुआ। इन नेताओं को रायगढ़ से हेलीकाप्टर से जशपुर पहुंचना था। लेकिन,मौसम के कारण इन्हें,सड़क मार्ग से जशपुर तक सफ र करना पड़ा। मौसम के बिगड़े मिजाज से कार्यक्रम के आयोजन को लेकर सुबह से संशय की स्थिति बनी हुई थी। लेकिन,दोपहर 1 बजे के बाद वर्षा के रूकने से आयोजकों ने राहत मिली और जेपी नड्डा जशपुर पहुंचे। विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार का महाभियान परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ,जशपुर जिले के सन्ना तहसील में स्थित मां खुड़िया रानी का दर्शन और आशिर्वाद प्राप्त करने के साथ हुआ। पूर्व राज्य सभा सांसद रणविजय सिंह जूदेव के नेतृत्व में नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेलएपूर्व मंत्री गणेश राम भगतएसांसद गोमती साय सहित भाजपा के कार्यकर्ताओं ने बैंगा के मार्गदर्शन में विधि विधान से मां खुड़िया रानी का पूजा अर्चना की और आशिर्वाद स्वरूप श्रीफ ल और ध्वज लेकर,जशपुर पहुंचे। यहां,भगवान बालाजी मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद,जूदेव ने नारियल और ध्वज जेपी नड्डा को सौंपा। नड्डा ने परिवर्तन यात्रा के रथ की पूजा अर्चन की। रणजीता स्टेडियम के पास निर्मित पूर्व केन्द्रीय मंत्री दिलीप सिंह जूदेव की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद,भाजपा नेता,रणजीता स्टेडियम में आयोजित आमसभा में शामिल होने के लिए पहुंचे।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रायगढ़ लोकसभा की सांसद गोमती साय ने कहा कि पांच साल में कांग्रेस की भूपेश सरकार ने भ्रष्टाचार और घोटाले के सारे रिकार्ड तोड़ डाले हैं। झूठे वायदे कर,सत्ता में आई कांग्रेस प्रदेश की जनता की गाढ़ी कमाई को लूटने और खसोटने का काम कर रही है। ऐसी निक्कमी और नाकारा सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए ही परिवर्तन यात्रा का आयोजन किया गया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोगों को विकास की मुख्यधारा में शामिल करने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने छत्तीसगढ़ का निर्माण किया था। लेकिन,कांग्रेस की भ्रष्ट और निक्कमी कांग्रेस सरकार,अटल बिहारी के सपने का चूर कर दिया है। पीएससी घोटाला ने प्रशासनिक अधिकारी बनने का युवाओं के सपने को चूर कर दिया है। गोठान,गोबर,शराब और कोयला घोटाले में घिरे भूपेश बघेल के अधिकारी या तो जेल में हैं या फि र जमानत में। ऐसी सरकार को बदलने का समय आ गया है।

### विश्व की तीसरी ताकत बन रहा है भारत-जेपी नड्डा

राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत,,जल्द ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक और सामरिक शक्ति वाला देश बन जाएगा। उन्होनें कहा कि हाल ही में संपन्न जी-20 समूह के शिखर सम्मेलन में भारत की राजनयिक शक्ति और सम्मान को पूरे विश्व ने देखा है। मोदी के प्रभाव से शिखर सम्मेलन में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित हुआ। चंद्रयान को चंद्रमां के साउथ पोल में सफल लैंडिंग करा कर,वैज्ञानिकों ने भारत की वैज्ञानिक ताकत को विश्व के मंच पर प्रदर्शित किया। प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व के कारण ही कोरोना महामारी और वैश्वीक आर्थिक मंदी के बाद भी भारत की अर्थ व्यवस्था,तेजी से विकास कर रही है। 90 प्रतिशत से अधिक मोबाइल का निर्माण भारत में हो रहा है। वाहन निर्माण के मामले में भारतएजापान से आगे निकल चुका है। देश में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाली की जनसंख्या 20 प्रतिशत से घट कर 10 प्रतिशत हो चुकी है। अति गरीब लोग सिर्फ 1 प्रतिशत ही बचे हैं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर निशाना साधते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को आदिवासियों के मान सम्मान कीचिंता नहीं है। उन्होने जी 20 शिखर सम्मेलन के लिए राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के निमंत्रण के बाद भी भोज में शामिल नहीं हुए। जबकि भाजपा ने आदिवासियों का सम्मान करते हुए,द्रोपदी मुर्मु को राष्ट्रपति के पद तक पहुंचाया है। जेपी नड्डा ने कहा कि एक ओर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार शराब घोटाला,कोयला घोटाला,गोठान घोटाल जैसे भ्रष्ट कारनामों से शर्मनाक रिकार्ड बना रही है। वहीं,केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने छत्तीसगढ़ के विकास




के लिए एनएच का निर्माण,विशेष सड़क कारिडोर का निर्माण,एम्स चिकित्साल,मेडिकल कालेज खुलवा रही है। उन्होनें कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने राजनीतिक स्वार्थ की पूर्ति के लिए छत्तीसगढ़ के 12 लाख से अधिक लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित कर दिया है। कांग्रेस को इस पाप का दंड भुगतना पड़ेगा।

### कुनकुरी में होगा रात्रि विश्राम

*राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के हरी झंडी दिखाने के साथ ही, परिवर्तन रथ यात्रा,रणजीता स्टेडियम से कुनकुरी के लिए रवाना हुई। इस रथ कर नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल कर रहे हैं। 12 दिनों में 12 सौ 61 किलोमीटर की दूरी तय कर,यह रथ यात्रा सरगुजा और बिलासपुर संभाग के 39 विधानसभा क्षेत्रों से हो कर गुजरेगी। इस दौरान 39 आमसभा और 53 स्वागत सभा का आयोजन होगा। शुक्रवार को कुनकुरी में आमसभा के बाद यह रथ यात्रा पत्थलगांव पहुंचेगी। यहां से सरगुजा के सीतापुर विधानसभा के लिए रवाना हो जाएगी। इस दौरान जशपुर में भाजपा प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, प्रदेश सह प्रभारी नितिन नबीन, केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह, नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश महामंत्री विजय शर्मा, सरगुजा संभाग प्रभारी संजय श्रीवास्तव, पूर्व सांसद रामविचार नेताम, राजा रणविजय सिंह जुदेव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णु देव साय,पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, मोतीलाल साहू, अनुराग सिंहदेव, रामप्रताप सिंह, कृष्ण कुमार राय, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, रायमुनी भगत, राजा पांडे, यशवंत जैन, जिला अध्यक्ष सुनील गुप्ता, विधनसभा प्रभारी रमन अग्रवाल, मुकेश शर्मा, भरत सिंह, ओमप्रकाश सिन्हा सहित पार्टी पदाधिकारी एवं हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।*

---

**एक नजर**

# कलेक्टर ने की 6वें राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम की समीक्षा

## कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विभिन्न विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के दिए निर्देश

## जिले में महिलाओं व बच्चों के विकास पर केंद्रित विभिन्न गतिविधियां होंगे आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।




कलेक्टर सौरभ कुमार ने विगत दिवस कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत जिले में संचालित 6वां राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम की विस्तृत समीक्षा करते हुए कार्यक्रम का प्रभारी क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। बैठक में निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा मगाई, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास प्रीति खोखर चखियार, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी गजेन्द्र देवसिंह एवं स्वास्थ्य विभाग, पंचायत विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

कलेक्टर सौरभ कुमार ने कहा कि जिले में राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम के तहत पूरे सितंबर माह में 6वां राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जा रहा है। जिसके तहत विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु स्वास्थ्य विभाग, पंचायत विभाग सहित अन्य विभागों को आपसी समन्वयन के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी चखियार द्वारा सभी विभागों को पोषण माह की जानकारी विस्तृत रूप से दी गई। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह का इस वर्ष का उद्देश्य मिशन पोषण 2.0 के आधारए जीवन चक्र दृष्टिकोण के माध्यम से कुपोषण से व्यापक रूप से निपटना हैं। इस दृष्टिकोण में पोषण माह 2023 का केंद्र बिंदु मानव जीवन के महत्वपूर्ण चरणों गर्भावस्था, शैशावास्था, बचपन और किशोरावस्था के बारे में व्यापक जागरूकता पैदा करना हैं। 30 सितंबर तक चलने वाले इस आयोजन में मुख्य रूप से महिलाओं और स्वास्थ्य, बच्चे एवं उनके शिक्षा, जेंडर संवेदी जल संरक्षण एवं प्रबंधन सहित आदिवासी क्षेत्र की महिलाओं व बच्चों के लिए परम्परागत आहार पर केन्द्रित अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

---

# कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

## स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव के लिए सभी तैयारियां करे सुनिश्चित-कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में शासन द्वारा संचालित विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति तथा समय-सीमा सहित अन्य प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने आगामी विधानसभा निर्वाचन के तैयारीयो के अद्यतन स्थिति की विस्तार से जानकारी लेते हुए जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है। समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने डीएमएफ मद अंतर्गत चल रहे विभिन्न कार्यों के मासिक रिपोर्ट उपलब्ध कराने तथा स्वीकृत कार्यों को जल्द शुरू करने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारी की समीक्षा करते हुए वन विभाग को चिन्हांकित स्थलों पर नाका लगाने तथा पुलिस विभाग को चेकिंग प्वाइंट बनाए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विधानसभावार आवश्यक जानकारी लेते हुए निर्वाचन कार्य के लिए नियुक्त सभी अधिकारियों को अवश्यक निर्देश दिए है। उन्होंने सभी मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं जैसे पानी, बिजली, फ र्नीचर, शौचालय, रैम्प की व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने सभी मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में शांतिपूर्वक चुनाव कराए जाने के लिए मतदान केंद्रों की संपूर्ण व्यवस्था, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान के लिए कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था, निर्वाचन के वैधानिक दायित्व का निर्वहन, नामनिर्देशन, मतदान सामग्री प्रभारी, मतदान सामग्री वितरण,



मतदान सामग्री वापसी, मतदाता सूची की चिन्हित प्रति तैयार करना, पोस्टल बैलेट पेपर एवं सर्विस वोटर्स हेतु ईटीपीबी तथा निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र का संपूर्ण व्यवस्था, रूट चार्ट, जोन सेक्टर का निर्धारण एवं मानचित्र निर्माण, अभ्यर्थियों को सूची उपलब्ध कराना, मतदान दल एवं मतगणना दल का गठन सहित चुनाव संबंधी अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की जानकारी लेते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को बिना किसी लापरवाही के पूरी गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को गिरदावरी के कार्यों के लिए फील्ड में जाकर गिरदावरी के कार्यों को पूरी शुद्धता और त्रुटिरहित किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने राजस्व अधिकारियों से समय सीमा के बाहर के लंबित प्रकरण, विवादित नामांतरण, अविवादित नामांतरण, सीमांकन, नक्शा बटांकन, ई-कोर्ट के प्रकरण सहित अन्य राजस्व कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए समय सीमा में जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना की समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम, सीईओ और तहसीलदार को मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना और साथ ही पोलिंग बूथ में मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं होनी चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को सभी विकासखंड में आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं सुचारू रूप से उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरण,जनदर्शन तथा जनशिकायत के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर ने केवाईसी, खाद-बीज, आधार सीडिंग, राशनकार्ड, डीएमएफ , बेरोजगारी भत्ता, आरबीसी 6.4, केसीसी, पीएम आवास, पेंशन प्रकरण, जल जीवन मिशन सहित अन्य निर्माण कार्य तथा विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर बीरेंद्र कुमार लकड़ा सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

---

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन से गौरवान्वित हुआ रायगढ़-सुनील रामदास

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

## सुनील रामदास ने कहा कि 14 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन से पूरा रायगढ़ अंचल गौरवान्वित हुआ है। विकास कार्यों की झड़ी लगाकर रायगढ़ को कई नए सौगात देकर रायगढ़ की जनता का दिल जीत लिया है। रायगढ़ एवं समीप के जिलों से आए लाखों लोगों ने अपने यशस्वी प्रधानमंत्री को सुना। आमसभा के लिए सुनील रामदास ने जिले वासियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।




विशेष रूप से नगर के छातामुड़ा चौक पर उत्साहपूर्वक वातावरण में सभा में शामिल होने के लिए गुजरते हुए लोगों का स्वागत किया गया। रायगढ़ की जनता ने मोदी का पूरे जोश और भव्य व ऐतिहासिक तरीके से स्वागत किया। पूरे जिले में जश्न का माहौल रहा। रायगढ़ की सड़कों पर लोगों के चेहरे कुछ अलग ही उत्साह था। सुनील रामदास ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रायगढ़ पहुंचने पर पूरे जिले में उत्साह की लहर थी, हजारों लोगों ने सभा में शामिल होकर नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व के प्रति अपना विश्वास व्यक्त किया। स्थानीय नागरिकों ने प्रधानमंत्री का स्वागत भव्य तरीके से किया, जो अविस्मरणीय क्षण था। सुनील रामदास, ने कहा प्रधानमंत्री के आगमन से हमारे जिले का नाम रोशन हुआ है। यहां के लोग गौरवान्वित हुए हैं। उनके यहां आने से लोगों में अपने प्रधानमंत्री और देश के प्रति आशा और आत्मविश्वास की भावना जागृत हुई है। प्रधानमंत्री ने जिले में कई योजनाओं की शुरुआत करके लोगों का सपना पूरा किया है। इन विकास परियोजनाओं से लोगों जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री के आगमन से हमारे जिले का नाम राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ऊंचाइयों पर पहुंचा है। इससे हमें समझ में आता है कि हमारे रायगढ़ जिले के देश के विकास में योगदान को केंद्र सरकार भी पहचानती है। सुनील रामदास ने रेखांकित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रायगढ़ में आगमन पूरे अंचल के लिए एक ऐतिहासिक घड़ी थी। जिस तरह से मोदी जी ने विकास के नए आयाम और जिले को नई सौगात दी, उससे रायगढ़ की जनता के मन में उनके प्रति और भी आदर बढ़ गया है। सड़कों पर चलते लोग, युवाओं के चेहरे पर मुस्कान और विशेष रूप से माता.बहनों का उत्साह इस बात का साक्षी था कि कितनी आशा और उम्मीद उन्हें अपने प्रधानमंत्री से हैं।

सुनील रामदास ने आगे कहा कि रायगढ़ के लोगों ने रायगढ़ की जनता ने प्रधानमंत्री का स्वागत एक अद्वितीय और यादगार तरीके से किया। सभा में लाखों लोग जुटे थे, जिन्होंने अपने आदर्श नेता, प्रधानमंत्री मोदी के प्रति अपनी अचल निष्ठा को प्रकट किया।

### प्रधानमंत्री की उस भव्य सभा के प्रति सुनील रामदास ने जिले वासियों का धन्यवाद ज्ञापित किया,वरिष्ठ नेताओं से चर्चा

जिले के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता सुनील रामदास ने भाजपा के दिग्गज नेता,ओम माथुर, नितीन नबीन, डॉ. रमन सिंह, भूपेंद्र सवन्नी से रायगढ़ जिले राजनीतिक परिदृश्य पर चर्चा की। मौजूदा राजनीतिक स्थिति और पार्टी की योजनाओं को लेकर चर्चा की। विशेष समस्याओं और मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया।

### रायगढ़ में अधोसंरचना विकास की झड़ी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रायगढ़ अंचल में विकास परियोजनाओं झड़ी लगा दी है। सुनील रामदास ने कहा कि छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में रेल परिवहन के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण विकास हुए हैं। इनमें से कई विकास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल के कारण हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, रायगढ़ में रेल परिवहन के क्षेत्र में किए गए विकास ने क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सुनील रामदास का कहना है कि मोदी सरकार ने ट्रांसपोर्ट सिस्टम में पूरे देश में अच्छा काम किया है। सड़क, रेल, हवाई और जल परिवहन के क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण पहल की हैं। इन पहलों से लोगों के लिए आवागमन आसान और सुविधाजनक हो गया है और यह भारत की आर्थिक विकास में भी मदद कर रहा है। मोदी सरकार ने सड़क परिवहन के क्षेत्र में सबसे अधिक ध्यान दिया है। राष्ट्रीय राजमार्गों, राज्य राजमार्गों और ग्रामीण सड़कों के निर्माण पर भारी निवेश किया है। मोदी सरकार ने रेल परिवहन के क्षेत्र में भी कई सुधार किए हैं। नई ट्रेनों और बुनियादी ढांचे के निर्माण में निवेश किया है। मोदी सरकार ने हवाई परिवहन के क्षेत्र में भी सुधार किया है। कई नए हवाई अड्डों का निर्माण किया है और मौजूदा हवाई अड्डों का विस्तार किया है। सरकार ने उड़ान योजना शुरू की है, जिसका उद्देश्य पूरे देश में कम कीमत वाली उड़ानों की उपलब्धता बढ़ाना है। मोदी सरकार ने जल परिवहन के क्षेत्र में भी कुछ पहल की हैं। इसने कई नए बंदरगाहों और नौका मार्गों का निर्माण किया है। सरकार ने नदियों के विकास और जलमार्ग परिवहन को बढ़ावा देने के लिए भी कई योजनाएं शुरू की हैं।





जोहार छत्तीसगढ़
धरमजयगढ़, शनिवार 16 सितंबर 2023

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आगामी विधानसभा चुनाव में समुचित सुरक्षा प्रबंधन हेतु लिया समीक्षा बैठक

## थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित समस्त मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर पहचान करने का दिया निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-बालौदाबजार।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी एवं आवश्यक सुरक्षा प्रबंधन हेतु समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना एवं चौकी प्रभारियों का समीक्षा बैठक लिया गया। बैठक में सर्वप्रथम चुनाव इंस्ट्रक्टर के रूप में एसडीओपी भाटापारा आशीष अरोरा एवं प्रधान आरक्षक तुलेश चंद्रवंशी द्वारा चुनाव के दौरान संपादित होने वाली समस्त कार्यप्रणाली का विस्तृत ब्यौरा उपस्थित समस्त प्रभारियों के समक्ष साझा किया गया। विशेष रूप से चुनाव के समय वरिष्ठ कार्यालय भेजी जाने वाली, दैनिक जानकारी का बहुत ही सूक्ष्म निरीक्षण कर एवं सत्यापन कार्यवाही पश्चात भेजने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही क्षेत्र अंतर्गत पडने वाले समस्त मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर पहले से ही तैयारी कर लिया जाए, जिससे चुनाव नजदीक आने पर किसी प्रकार की भी अनावश्यक परेशानी ना हो, इस बात पर विशेष रूप से जोर दिया गया।

तत्पश्चात अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव द्वारा समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को अपने.अपने क्षेत्र के समस्त ग्रामों का भ्रमण कर उस ग्राम में होने वाली परेशानियां, चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले संभावित कारकों की पहचान करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे असामाजिक तत्वों की पहले ही पहचान कर लिया जाए तथा उनके विरुद्ध समुचित वैधानिक कार्यवाही करना भी सुनिश्चित करें, जिससे चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन ना हो। इसके साथ ही चुनाव के दौरान भेजे जाने वाली समस्त जानकारी का भली भांति निरीक्षण कर कार्यालय भेजने हेतु स्पष्ट रूप से हिदायत दिया गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव सुरक्षा प्रबंधन हेतु केंद्र से आने वाली केंद्रीय सुरक्षा बलों के रहवास की व्यवस्था के लिए भवनों का चिन्हांकन करने, उनके मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति समय पूर्व, कर लिए जाने का निर्देश दिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा कहा गया की निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक चुनाव संपादित कराना, पुलिस की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आदर्श आचरण संहिता का पालन कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। इसके लिए क्षेत्र के सभी गणमान्यों नागरिकों, क्षेत्रवासियों एवं ग्रामवासियों से परस्पर सामंजस्य स्थापित कर समुचित व्यवस्था बनाए रखने की कोशिशों पर बल देने हेतु निर्देशित किया गया। आगामी समय अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्षेत्र में शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न कराना पुरुष की पहली प्राथमिकता है। इसलिए समस्त एवं समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी क्षेत्र में अधिक से अधिक पेट्रोलिंग कर आवश्यक सुरक्षा प्रबंध करना सुनिश्चित करेंगे। इस दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट रूप से हिदायत देते हुए कहा कि इस दौरान क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले अपराधिक तत्वों की मदद कर इस कार्य को बढ़ावा देने वाले पुलिस अधिकारीध्कर्मचारियों के साथ-साथ संबंधित थाना/चौकी प्रभारियों के विरुद्ध एक तरफा दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। समीक्षा बैठक में मुख्य रुप से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, सुश्री सुशंता लकडा परि.उप पुलिस अधीक्षक, समस्त थाना एवं चौकी के प्रभारी गण, पुलिस कार्यालय के स्टाफ उपस्थित थे।

**निष्पक्ष एवं शांति पूर्ण मतदान प्रक्रिया है, पुलिस की प्रथम प्राथमिकता**

## एक नजर

### सारंगढ़ में गणेश चतुर्थी के बाद 20 सितम्बर को होगा रोजगार कार्यालय का शिविर

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

जिले के बेरोजगार युवाओं की सुविधा को मद्देनजर जिला प्रशासन सारंगढ़ बिलाईगढ़ के तत्वावधान में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र के द्वारा गणेश चतुर्थी के बाद 20 सितम्बर 2023 को सुबह 10 बजे से जनपद पंचायत सारंगढ़ में एक दिवसीय रोजगार शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें इच्छुक आवेदक अपना रोजगार पंजीयन, नवीनीकरण और मार्गदर्शन कर सकते हैं। आवेदकों को सभी अंकसूची और प्रमाण पत्रों की ओरिजनल लाना होगा।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाइन प्रक्रियाओं की तिथि में वृद्धि

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

बेमेतरा जिले में संचालित समस्त शासकी/अशासकीय महाविद्यालय, इंजीनियरिंग एवं मेडिकल कॉलेज, आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक में अध्ययनरत् अनुसूचित जन जाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के विद्याथियों, जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं। को सूचित किया जाता है कि शिक्षा सत्र 2023-24 मे छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाईन पोस्ट पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 12वीं से उच्चतर, के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाईन की जा रही है। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों के पंजीयन एवं संस्थाओं को प्रस्ताव/स्वीकृति लॉक करने हेतु विभाग द्वारा विद्यार्थियों हेतु वर्ष 2023-24 हेतु तिथि निर्धारित की गई। जिसके अंतर्गत विद्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने हेतु 22 सितम्बर से 20 अक्टूबर, ड्राफ्ट प्रस्ताव लॉक करने हेतु 22 सितम्बर से 25 अक्टूबर, स्वीकृति आदेश लॉक करने हेतु 22 सितम्बर से 30 अक्टूबर 2023 तक अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथियों के पश्चात् शिक्षा सत्र 2023.24 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाइन आवेदन हेतु पोर्टल बंद कर दिया जावेगा करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जायेगा। उक्त निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते हैए तो इसके लिए संस्था प्रमुख स्वत: जिम्मेदार होंगे ज्ञात हो की माध्यम से आधार आधारित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान की जा रहा है। अत: सभी विद्यार्थी ऑनलाईन आवेदन करते समय ध्यान रखे कि उनका बचत खाता एक्टिव हो एवं आधार सीडेड बैंक खाता नम्बर की प्रविष्टि करना सुनिश्चित करें।

### वी क्लब प्रेरणा के द्वारा जन्माष्टमी मेले में प्रसाद खिचड़ी का वितरण किया गया

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




रायगढ़ के प्रसिद्ध जन्माष्टमी पर्व के झूला उत्सव मेले मे लाल टंकी रोड हनुमान मंदिर प्रांगण में खिचड़ी महा प्रसाद का वितरण किया गया। सभी मंदिर की झाकियां देखने आए आसपास पास के गांव के व सभी राहगीरो ने प्रसाद का आंनद लिया,जन्माष्टमी में पुरे सप्ताह बाजारो में रौनक बनी रही। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में वी क्लब एरिया आफिसर वी श्वेता शर्मा, अध्यक्षा,वीभा शर्मा,कोषाध्यक्षा पूनम दुवेदी,सह सचिव,अरुणा अग्रवाल, सह कोषाध्यक्षा,सुशीला शर्मा, मोना अग्रवाल, सीमा अग्रवाल,पुष्पा अग्रवाल,रेखा अग्रवाल की उपस्थित रही वी क्लब प्रेरणा की तरफ से सभी को धन्यवाद।

# सड़क पर पंडाल,बैनर पोस्टर लगाने वाले और अवैध विद्युत कनेक्शन पर होगी कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।



* पूजा समितियों को नियमों का पालन करने के निर्देश
* विसर्जन के पूर्व एसडीएम से लेनी होगी अनुमति और देनी होगी सूचना
* जिले में शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से गणेश चतुर्थी, ईद-ए मिलाद मनाने का लिया गया निर्णय

जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आज

कलेक्टर सौरभ कुमार के मार्गदर्शन तथा जिला पुलिस अधीक्षक उदय किरण, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, अपर कलेक्टर प्रदीप साहू,दिनेश नाग, अपर आयुक्त खजांची कुम्हार, तहसीलदार अमित केरकेट्टा की उपस्थिति में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्टोरेट सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी और 28 सितंबर को ईद..मिलाद ;मिलाद.उन.नबीद्धए अनंत चतुर्दशीए भगत सिंह जयंती को शांति पूर्वक मनाए जाने हेतु आवश्यक चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिले में हमेशा की तरह सभी पर्व को शान्ति और सौहार्दपूर्ण मनाया जाए। किसी के धार्मिक भावनाओं को आघात पहुंचाने और समाज को भड़काने वाले कार्य न किए जाए। जिले की शांति व्यवस्था और सदभावनापूर्ण माहौल को खराब करने वालों पर कड़ी कार्यवाही का निर्णय लिया गया। शान्ति समिति की बैठक में गणेश प्रतिमा के विसर्जन को लेकर समितियों को निर्देशित किया गया कि विसर्जन से पूर्व वे नियमानुसार सूचना और अनुमति अपने क्षेत्र के एसडीएम से लेवें। इस दौरान विसर्जन रुट और स्थल की जानकारी भी दें, प्रतिमा की ऊंचाई भी बहुत ज्यादा न हो, ताकि जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकें। जिला प्रशासन द्वारा निर्देशित किया गया कि आवागमन वाले सड़कों पर पंडाल न लगाई जाए। मुख्य मार्ग में बैनर पोस्टर लगाने पर कार्यवाही की जाएगी। किसी भी कार्यक्रम या पंडाल के लिए विद्युत कनेक्शन भी नियमानुसार प्राप्त करें। विद्युत तार के संपर्क में कोई न आ सकें, इसके लिए भी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिला प्रशासन द्वारा निर्देशित किया गया कि कार्यक्रम स्थल पर ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित न हो इसका भी समुचित ध्यान रखा जाए। बैठक में विसर्जन स्थल पर साफ सफ ई, प्रकाश व्यवस्था, तैराक.गोताखोरों की व्यवस्था, अग्निशमन, अस्पताल में आपात स्थिति के लिए चिकित्सक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसी तरह ईद.ए.मिलाद के अवसर पर मुस्लिम समाज द्वारा जुलूस निकालने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। बैठक में समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# जिले में रेत एवं अन्य खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन,भण्डारण पर अब होगी एफआईआर

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



जिले में शासन के द्वारा जारी निर्देश के परिपालन में कलेक्टर पीएस एल्मा के द्वारा गत दिवस बैठक लेकर समस्त परिवहन ठेकेदारों संघ को सख्त जादेश एवं निर्देश दिया गया है कि जिले में रेत एवं अन्य खनिजों के अवैध उत्खननध् परिवहन, भण्डारण के प्रकरणों में प्रभावी रोकथाम हेतु खान और खनिज ;विकास और विनियमन, अधिनियम 1957 के तहत प्रावधान किये गये है जिसमे खान और खनिज ;विकास और विनियम, अधिनियम 1957 की धारा 4;1, एवं धारा 4 ;1 क, अनुसार इस अधिनियन और उसके अधीन बनाये गये नियमों के उपबंधों के अनुसार अन्यथा कोई व्यक्ति किसी खनिज का उत्खनन परिवहन या भण्डारण नहीं करेगा या नही करायेगा। जो कोई व्यक्ति धारा 4 ;1, या धारा 4 ;1, के उपबंधों का उत्तपन करता है यह ऐसे कारावास की अवधि से जिसकी सीमा पांच वर्ष तक हो सकती है या प्रति हेक्टेयर क्षेत्र के लिए पांच लाख रूपये तक जुर्माना किया जाना प्रावधान है। धारा 21 ;12, के तहत इस अधिनियम के किसी उपबंध के अधीन बनाये गये कोई नियम के उल्लघन करते पाये जाने पर कारावास दो वर्ष तक हो सकेगा या जुर्माने पांच लाख रूपये तक या दोनों से दण्डित करने का प्रावधान है तथा उल्लघन लगातार जारी रहने की दशा में प्रथम दोष सिद्धि के पश्चात अतिरिक्त जुर्माने के रूप में प्रत्येक दिन के लिए पचास हजार रूपये तक दण्डनीय होने का प्रावधान है। धारा 21 ;4, के तहत जब कोई व्यक्ति किसी भूमि से कोई खनिज किसी विधिपूर्ण प्राधिकार के अनुमति के बिना निकालेगा या निकलवाएगा या उसका परिवहन करवाएगा और इस कार्य के लिए उपयोग किये गये औजार, वाहन को समझ अधिकारी द्वारा अभिगृहित किया जा सकेगा। यह आदेश जिले अंतर्गत समस्त पट्टेदार संघ समस्त परिवहन निर्माण ठेकेदार संघ जिला बेमेतरा नियमत पालन करेंगे के निर्देश दिए अन्यथा दिये गये प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जायेगी।

# ब्लॉक स्तरीय राष्ट्रीय अविष्कार अभियान प्रतियोगिता में ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।



देवभोग के बालिका कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। जिसमें ब्लॉक के 21 संकुल के विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं नवाचारों से संबंधित विभिन्न माडलों का निर्माण कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वैज्ञानिक सोच,अभिरुचि, जागरूकता एवं नवाचारों को विकसित करने में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन में ब्लॉक के 21 संकुल के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। आयोजन में उपस्थित जिला नोडल राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के राजेश कुमार भारद्वाज ने कहा कि एसे प्रदर्शनों से छात्रों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण का भी विकास होता है। विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने जलचक्र, पादप कोशिका, पाचन तंत्र,मानव श्वशन तंत्र,वैक्यूम क्लीनर, अमीबा में पोषण,विद्युतदर्शी,ध्रुमपान के दुष्प्रभाव, कबाड़ से जुगाड़, रैन वाटर हार्वेस्टिंग,शिशु जीवन चक्र,शरीर के आंतरिक अंगों की जानकारी,मानव उत्सर्जन त ं त्र ा , प र ि व त ी ् प्रतिरोध,एटीएम,प्रज्ञान रोवर, लाइट लैंप,चंद्रयान-3 सुरक्षा प्रणाली, मिसाइल लांच,मैजिकल पेंफिंग,जल एवं वायु प्रदूषण, सौर पैनल,जल शुद्धिकरण,विद्युत लेपन,गणितीय घड़ी,पवन चक्की,विद्युत ऊर्जा से यांत्रिक ऊर्जा,वृतीय गति का प्रदर्शन,वाटर ट र व ा इ ् ं न , ह्र द य , प्र क ा श संश्लेषण,ओरियन कैप्सूल, सहित आधुनिक सिचाई पद्धति,डीएन, आधारित एवं जीवन को सरल तथा सुगम बनाने में उपयोगी तकनीकों पर अनेक मॉडलों का निर्माण कर उनका प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विभिन्न आकर्षक एवं महत्वपूर्ण मॉडलों की प्रशंसा कर उत्साहवर्धन किया। दो सौ से भी अधिक संख्या में विद्यार्थीयों ने इस प्रदर्शनी में भाग लिया। माडल प्रदर्शनी में देवभोग संकुल के प्रथम सोहन ठाकुर,रोशन सोनी, रोशन निषाद, एवं द्वितीय स्थान में डूमरपीठा संकुल किशन कुमार,पंकज यादव, क्विज प्रतियोगिता में देवभोग संकुल के प्रथम स्थान पर तुषार साहू,रोशन सोनी,द्वितीय स्थान धौराकोट संकुल से निरंजन नागेशप्रमोद नागेश, श्रीकांत तिवारी,देवशरण पांडे,लेखराम वर्मा,नरेश कुमार आडील्य,राजेश कुमार वैष्णव,जितेंद्र कुमार सोम, लक्ष्मीकांत कश्यप, मुकेश कुमार कश्यप,महेंद्र कुमार रामटेके,उमेश कुमार यादव, केदार राम साहू,प्रकाशचंद्र पात्र,अंगद कुमार साहू, ओजस्विता तिवारी,राजेश कुमार भारद्वाज, दिव्या प्रधान,वाहुल सोनी,प्रमोद कश्यप, प्रीति सिंहा उपस्थित रहे।

# वन अधिकार पट्टा समर्पण विधायक ने किया, लेकिन शासन निरस्त करेगी इस बात को लेकर संदेह

जोहार छत्तीसगढ़-पालीडीह।

**पत्थलगांव विधायक रामपुकार सिंह ने विवादित वन अधिकार पट्टा को शासन को समर्पण जरुर कर दिया गया। लेकिन इस पट्टे के निरस्ती को लेकर प्रशासन अभी तक कोई कार्रवाई करती नजर नहीं आ रही है और न ही इसकी जांच की शिकायत पर कोई कार्रवाई करती नजर आ रही है।**




अंदेशा जताया जा रहा है की सत्ता पक्ष के सबसे वरिष्ठ विधायक एव ब्लाक कांग्रेस के बड़े नेता का नाम सामने आने की वजह से इस मामले की फाईल को छूने भर से अधिकारियों के हाथ कांप रहे हैं। अब देखना होगा की जिस तरह विधायक ने पहल करते हुए पट्टा समर्पण किया है प्रसाशन पट्टा निरस्त करता है की नहीं

पत्थलगांव क्षेत्र में वन अधिकार पट्टा को जिस जंगल की जमीन को रेवड़ी की तरह मिलीभगत कर पट्टा वितरण किए जाने का मामला सामने आ रहा है वैसे में यदि यहां जारी हुए वनअधिकार पट्टों की जांच कराया जाए तो अधिकांश वन अधिकार पट्टा निरस्त हो जाएंगे। इस फ र्जीवाड़े में सबसे बड़ा खेल पंचायत के जरिए खेला गया है। अगर हम बात करें यहां के पालिडीह पंचायत की तो वहा स्थानीय विधायक रामपुकार को बगैर कब्जे के ही वन अधिकार पट्टा दिए जाने एंव एक कृषक को वनअधिकार पट्टा के लिए अपात्र करने के बाद पंचायत में ही कुटरचना कर उसे पात्र कर दिए जाने के मामले मे पालीडीह के वरिष्ठ नागरिकों मे जमकर आक्रोश देखा जा रहा है। बुधवार को दो दर्जन ग्रामीणों ने पत्थलगांव तहसील कार्यालय पहुंचकर बरसों से वन भूमि में काबिज रहने के बावजुद पंचायत द्वारा उन्हें वन अधिकार पट्टे से वंचित रखते हुए पंचायत के सरपंच भास्कर सिदार,उपसरपंच भुपेंन्द्र यादव,सचिव धरमपाल राठिया और पटवारी मदन भगत ने बगैर कब्जे वाले प्रभावशाली लोगों को वन अधिकार पट्टा हेतु वैध व पात्र कर दिया गया है। ग्रामीणों का कहना था कि पंचायत प्रतिनिधियों एवं पटवारी ने एक बार भी उन्हे वन अधिकार पट्टा के संबंध में जानकारी नहीं दी और न ही पंचायत में इसके संबध मे किसी को पात्र अपात्र किए जाने के संबंध में कोई कार्रवाई हो रही है इसकी जानकारी दी गई जिससे उन्हे इस खेल का भनक तक नहीं लग सका। जब उन्हें पता चला कि पंचायत में जहां वे पूर्वजो से काबिज है उस जमीन को किसी अन्य प्रभावशाली को जो कभी उक्त भुमि मे काबिज भी नही रहे उन्हे वन अधिकार पटटा दे दिया गया। ऐसे मे उनके पास पुर्वजों से खेती करते आ रहे वनभुमि को छोड़ने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा, पंचायत के जिम्मेदार सरपंच भास्कर सिदार,उपसरपंच भुपेंन्द्र यादव,सचिव धरमपाल राठिया और पटवारी मदन भगत ने उनके साथ छलावा कर उन्हें अपनी बरसों की काबिज वनभूमि से बेदखल कराने की योजना ने ग्रामीणों को सदमे में ला दिया है। यही वजह है की ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष के साथ-साथ इस खेल में बड़े-बड़े नेता अपनी सहभागिता निभाते हुए पंचायत प्रतिनिधियों पर दवाब बनाकर वन अधिकार पट्टा अपने नाम जारी करवा दिया गया है।

पत्थलगांव क्षेत्र के समस्त वनअधिकार पट्टा की जांच हो तो बड़ा खेल हो सकता है उजागर

विदीत हो कि पत्थलगांव क्षेत्र में अभी तक जितने भी वन अधिकार पट्टे जारी किए गए हैं उसमे पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका काफ ी संदेहास्पद दिख रही है। जिस वन भूमि का वन अधिकार पट्टा जारी किया गया है उक्त अधिकांश वन भूमि में कुछ वर्ष पहले वन विभाग के द्वारा वृक्षारोपण व अन्य प्लांटेशन भी लगवाया गया है। इसके अलावा उक्त वन भूमि में समय-समय पर लाखों रुपए खर्च कर शासकीय राशि आहरण करते हुए वन विभाग द्वारा अनेक कार्य भी कराया गया है। ऐसे में बड़ा सवाल यह उठता है जब लगातार कई वर्षों से वन विभाग के अधिकारियों ने जिस वन भूमि पर लाखों रुपये खर्च कर जंगल को बचाने एवं उनके संरक्षण के लिए काम किया है। उक्त वन भूमि का पट्टा ग्रामीणों को कैसे वितरण हो गया या यह एक बड़ा सवाल है।

### नियम के तहत नहीं मिला वन अधिकार पट्टा

*नियम है कि वन अधिकार पट्टा केवल उन लोगों को ही दिया जाना है जिनका निवास 2005 से पहले कम से कम तीन पीढ़ियों तक रहा है। क्षेत्र में अधिकांश वनअधिकार पट्टा ऐसे लोगों को दिया गया है जो पत्थलगांव में तीन पीढी तो क्या एक पीढी भी से भी नहीं है। और नहीं उक्त वनभूमि से अपनी आजिविका चला रहे हैं नियमानुसार जिस वनभूमि में उनका कब्जा है उसी वनभूमि से कब्जेधारी का जीविकोपार्जन होना चाहिए।*

# प्रधानमंत्री मोदी ने की एनटीपीसी तलईपल्ली से लारा तक की एमजीआर प्रणाली देश को समर्पित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**65 किलोमीटर लंबी विद्युतीकृत एमजीआर प्रणाली एनटीपीसी लारा से कम लागत और विश्वसनीय बिजली उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, जिससे देश की ऊर्जा सुरक्षा मजबूत होगी।**





2071 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित एमजीआर प्रणाली का उपयोग एनटीपीसी की तलईपल्ली कोयला खदान से छत्तीसगढ़ में 1600 मेगावाट एनटीपीसी लारा सुपर थर्मल पावर स्टेशन तक कम लागत और उच्च ग्रेड कोयले की डिलीवरी के लिए किया जाएगा। यह प्रतिष्ठित परियोजना हावड़ा-मुंबई मुख्य रेलवे लाइन से भी जुड़ी होगी, जिसका उपयोग देश के अन्य हिस्सों में कोयले के परिवहन के लिए किया जा सकता है। इसके अलावा, मौजूदा परिवहन प्रणाली जो दैनिक आधार पर 20,000 टन कोयला पहुंचा रही है, अपनी पूरी क्षमता पर 8 एमएमटीपीए कोयला परिवहन तक पहुंच जाएगी। एमजीआर प्रणाली कोयला खदानों से बिजली स्टेशनों तक कोयला परिवहन में आधुनिक तकनीकों का प्रमाण होगी। कोटारलिया में मौजूदा रेलवे लाइन पर 61 मीटर के गर्डर ब्रिज के साथ, नवीनतम एमजीआर प्रणाली में ट्रैक के साथ कई स्थानों पर जानवरों को पार करने का भी प्रावधान होगा। एमजीआर प्रणाली अपने पूरे विस्तार में 200 से अधिक पुलों और पुलियों का भी दावा करती है। इस अवसर पर टी एस सिंह देव उप मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ सरकार, की उपस्थिति रही। रेणुका सिंह सरुता, केंद्रीय जनजातीय मामलों के राज्य मंत्री, गोमती साय संसद सदस्य लोकसभा रायगढ़, नारायण चंदेल विपक्ष के नेता छत्तीसगढ़ विधानसभा के साथ अन्य गणमान्य व्यक्ति।

**एक नजर**

## रीपा के निर्माण में भ्रष्टाचार, सीसी सड़क में आई दरार

जोहार छत्तीसगढ़ पालीडीह।



पत्थलगांव ब्लाक मुख्यालय से महज 4 किमी दूर ग्राम पंचायत पालीडीह पंचायत में निर्माणाधीन महात्मा गांधी ग्रामीण उद्योगिक पार्क रिपा योजना के कार्यो की गुणवत्ता की पोल खुलने लगी है। आद्योगिक पार्क जाने के लिए मुख्य द्वार से बनी सीसी सड़क में कई जगहों से दरारें आ गई है साथ ही सड़क किनारे पाटा गया मिटटी भी धसक कर बह गई है। सड़क से सटाकर बने नाली में भी जगह-जगह दरार आ गई है ऐसे में यहा चल रहे कार्यो की गुणवत्ता की हकीकत सामने आ गयी है निर्माण अभी पूर्ण भी नहीं हुआ है और यहा की हालत जर्जर हो गई है। गुणवत्ताहीन निर्माण के चलते बारिश में टूट गए सड़क में कई जगह दरारें पड़ गई है। दरअसल निर्माण के दौरान स्थल चयन के लिए तकनीकी पहलुओं पर ध्यान नहीं दिया गया। निर्माण में गुणवत्ताहीन निर्माण सामग्री का उपयोग किया गया। सरपंच व निर्माण की मानिटरिंग में लगे उपयंत्री ने भी इस पर ध्यान नहीं दिया जिसके चलते यहा निर्माण हुए सीसी सड़क एवं नाली की मजबूती प्रभावित हुई है।

### भुगतान में झोलझाल

पंचायत में महात्मा गांधी ग्रामीण उद्योगिक पार्क रिपा योजना में शासन द्वारा मजदूरी दर 373 रूपये महिला एवं पुरुष को समान रूप से दिया जाना निर्धारित है परंतु सरपंच द्वारा यहा कराये जा रहे निर्माण कार्यो में लगे मजदूरों में महिलाओं को 200 एवं पुरुषों को 250 का मजदूरी भुगतान किया जा रहा है

### नाबालिग से करा रहे काम

यहा निर्माण कार्य में नाबालिग से भी काम कराये जाने की बात सामने आ रही है निर्माण कार्य में लगे एक मजदूर अजित सिदार की उम्र महज 17 साल बताया जा रहा है अब देखना होगा की स्थानीय मजदूरों को उनका हक की मजदूरी देने के बजाए नाबालिग मजदूरो से काम कराये एवं गुणवत्ताहीन निर्माण सामग्री का उपयोग से निर्माण हो रहे शासन की अति महत्वकांक्षी योजना रिपा योजना में मनमानी पूर्वक भ्रष्टाचार और गुणवत्ताहीन कार्यो को लेकर प्रशासन किस तरह की कार्रवाई करती है।

# पटवारी ने तहसीलदार के आदेश की उड़ाई धज्जियां

तहसीलदार ने किया नामांतरण आवेदन निरस्त, पटवारी कर दिया क्रेता के नाम रिकार्ड दुरुस्त

जोहार छत्तीसगढ़ धरमजयगढ़।

रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ ब्लॉक के राजस्व विभाग में कई तरह के भ्रष्टाचार हुए हैं। जो दर परत दर सामने आते जा रहा है। आज भी एक बड़ा मामला सामने आया है। जिसमें जमीन नामांतरण का आवेदन निरस्त होने के बाद भी हल्का पटवारी द्वारा क्रेता के नाम रिकार्ड में दर्ज कर दिये। जिससे साफ होता है कि यहां पटवारी द्वारा तहसीलदार के आदेश की धज्जियां उड़ाई गई है। मामला कापू तहसील क्षेत्र के पटवारी हल्का नंबर 1 ग्राम रुवाफुल की है। जहां 20 दिसंबर एवं 23 दिसंबर 2021 को विक्रेता संतराम पिता रांगीराम की ओर से आम मुख्तयार पदमन कुमार पटेल द्वारा क्रेता डॉ महेंद्र प्रसाद सामल आत्मज गुरुप्रसाद सामल साकिन बिलासपुर की ओर से आम मुख्तयार रोहित कुमार विश्वाल को खसरा नंबर 313 रकबा 1.000 हेक्टेयर, खसरा 313 रकबा 0.450 हे., खसरा 349 रकबा 0.550 हेक्टेयर को विक्रय कर रजिस्ट्री कर दिया गया है। जिसके नामांतरण के लिए क्रेता द्वारा तहसील कार्यालय कापू में आवेदन पेश किया। जिससे प्रकरण दर्ज करते हुए तहसीलदार द्वारा सुनवाई की गई। जिसमें तहसीलदार द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि उपरोक्त भूमि संतराम पिता रांगी राम के नाम पर दर्ज है, जिसे डॉ महेंद्र प्रसाद सामल के पास विक्रय किया गया है। चूंकि विक्रय की गई भूमि वन व्यवस्थापन के तहत पट्टे से प्राप्त भूमि है। इसलिए यह नामांतरण विवादित श्रेणी में आता है। अतः नामांतरण किया जाना उचित प्रतीत नहीं हो रहा है। राजस्व न्यायालय द्वारा आवेदन 20 अप्रैल 2023 को खारिज कर दिया गया। तहसीलदार द्वारा आवेदन निरस्त करने के बाद भी वर्तमान में उक्त भूमि क्रेता डॉ महेंद्र प्रसाद सामल के नाम पर दर्ज है। जिससे साफ हो रहा है कि संबंधित पटवारी बिना आदेश के उक्त भूमि का नामांतरण कर दिया गया है।

### वर्तमान पटवारी ने नामांतरण करने से किया इंकार

इस मामले में जब रूवाफुल के वर्तमान पटवारी हेमकुमारी राठिया से बात की गई तो उन्होंने बताया कि आपके द्वारा बताई गई खसरा नंबर में डॉ महेंद्र प्रसाद सामल का नाम दर्ज है। नामांतरण पंजी में किसके द्वारा नाम दर्ज किया गया इसके बारे में मुझे मालूम नहीं हैं।

नामांतरण पंजी में उल्लेख भी नहीं किया गया है कि किसके आदेश से क्रेता डॉ. महेन्द्र सामल का नाम दर्ज किया गया है। मैं मई माह में इस हल्का में आई हूं, मेरे द्वारा नामांतरण नहीं किया गया है।

### तहसीलदार नहीं रिसिव किए फोन

*इस मामले में जब हमने कापू तहसीलदार उज्जवल पाण्डेय से बात करने की कोशिश की तो उन्होंने फोन रिसिव नहीं किया बल्कि फोन काट दिया।*

## भेड़वन में विकासखंड स्तरीय आयुष निः शुल्क स्वास्थ्य मेला संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।





छत्तीसगढ़ सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के आयुष अंतर्गत ग्राम पंचायत भेड़वन में नि:शुल्क विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। यह आयोजन आयुर्वेद अधिकारी रायगढ़ डॉ. मीरा भगत के कुशल मार्गदर्शन में सारंगढ़ बिलाईगढ़ के नोडल अधिकारी डॉ. बेदराम पटेल और डॉ. करुणा सागर पटेल के द्वारा किया गया। शिविर में 523 लोगों ने इलाज कराया। इस मेला में पैथोलॉजी की सुविधा भी थी। 143 व्यक्तियों ने होम्योपैथी चिकित्सा से इलाज कराया। शिविर में लोगों को दैनिक दिनचर्या, रहन-सहन, खानपान, ऋ तुचर्या, आदि की जानकारी नोडल अधिकारी के द्वारा दिया गया। शिविर में डॉ. एस बी यादव डॉ. एस के पांडे डॉ रवि पाणिग्राही, डॉ. आर पी सेन डॉ. वसीम खान, डॉ. यशवंत स्वर्णकार, फार्मासिस्ट भारत लाल बरीहा, जगदीश सिदार, उमेश चौहान, मायाराम बरीहा, सखाराम निराला, पद्मिनी पटेल, अर्जुन पटेल, श्यामराज चंद्रा का सराहनीय योगदान रहा।

## अज्ञात लाश की हुई शिनाख्त, मानसिक संतुलन खो चुका था युवक

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



धरमजयगढ़ कालोनी के धांगरनाला में कल सुबह एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिली। लाश को देखकर आशंका जताई जा रही है कि रात को हुए झमाझम बारिश में यह लाश बहकर आई होगी। अज्ञात लाश मिलने से सनसनी फैल गई थी। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। जिसके बाद पुलिस ने शव की पहचान करने पूछताछ करने लगी। तब पता चला कि युवक ग्राम संगरा का निवासी है। जिसके बाद उनके परिजनों को घटना की सूचना दी गई। परिजनों ने आकर शव की पहचान रमेश बैगा पिता समारू बैगा निवासी ग्राम संगरा के रूप में की। परिजनों ने बताया कि युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त था। जो कुछ दिन पहले घर से बाहर निकल गया था। कुछ लोगों ने बताया कि यह युवक तीन चार दिन से धांगरनाला पुल के नीचे रहता था। संभावना जताई जा रही है कि रात को हुए झमाझम बारिश के कारण युवक तेज बहाव में फंसने से युवक की मौत हुई होगी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

## अवैध शराब बेचते तीन कोचिया गिरफ्तार

**रायपुर** । राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से अज्ञात चोर ने अवैध शराब बेचने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 44 पाव देशी शराब जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार मोवा पुलिस ने रिलायंस मार्ट के पास मोवा में अवैध शराब बेचते आरोपी संतोष बारले 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 12 पाव अंग्रेजी शराब जब्त किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने आरोपी भरोस टंडन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 16 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 120 रुपए जब्त किया है। वहीं विधानसभा पुलिस ने आरोपी शोभा कोसले 49 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# मिशन स्कूल के शिक्षक ने होमवर्क नहीं करने पर छात्र को पीटा, परिजनों ने जताया विरोध

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



शिक्षक द्वारा छात्र को बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है। जिसमें शिक्षक ने छठवीं में अध्ययनरत बच्चे से मारपीट की है। जिसके कारण परिजनों ने अब बच्चे को अन्यत्र पढ़ाने का निर्णय लिया है। मामला धरमजयगढ़ के विजय पूर्व माध्यमिक विद्यालय पतरापारा धरमजयगढ़ की है। जहां प्रेमनगर कालोनी निवासी छात्र कक्षा छठवीं में अध्ययनरत है। होमवर्क पूरा नहीं करने पर शिक्षक सुधीर टोप्पो ने उसकी पिटाई कर दी। जिसके कारण छात्र एक दिन स्कूल नहीं आया। जब दूसरे दिन छात्र स्कूल पहुंचा तो शिक्षक ने फिर उसकी पिटाई कर दी। पिछले दिन की पिटाई की शिकायत को लेकर परिजन आज स्कूल पहुंचे तो बच्चे ने फि र उन्हें रोते हुए बताया कि शिक्षक ने आज फि र उसकी पिटाई कर दी है। तब परिजन गुस्से से आग बबूला हो गए। लेकिन शिक्षा के मंदिर में उन्होंने संयम बनाए रखा। परिजनों ने बताया कि इस शिक्षक द्वारा अक्सर बच्चों को बेरहमी से पीटा जाता है। आज कई बच्चों के परिजन मारपीट की बात को लेकर स्कूल पहुंचे थे। इस मामले में जब शिक्षक सुधीर टोप्पो से बात की गई तो उन्होंने बताया कि बच्चों को सीखने के लिए हल्के रूप से पिटाई किया हूं।

बता दें कि वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में बच्चों से मारपीट या किसी भी तरह से प्रताड़ित करना अपराध के श्रेणी में आता है। फिर भी कई शिक्षक बच्चों से दुर्व्यवहार करते हैं।




# शासकीय महाविद्यालय धरमजयगढ़ में धूमधाम से मनाया गया हिंदी दिवस

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



शासकीय महाविद्यालय धरमजयगढ़ में हिंदी दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने दोहा, भाषण, कविता आदि के माध्यम से अपने विचार अभिव्यक्त किया। छात्रा नेहा ठेठवार ने अपने दोहे में बताया कि हिंदी जन .जन की भाषा है और भारत के हर नागरिक में अपनी भाषा के प्रति सम्मान की भावना होना जरूरी है। छात्र सुरेश राठिया ने बताया की हिंदी की पहुंच दूसरे देशों के कोने-कोने में हो गया है। छात्रा प्रियंका महंत ने बताया की हिंदी हमारी संस्कृति की संवाहक है। वही हिंदी विभाग की प्राध्यापिका एम कुजूर ने बताया कि हिंदी देश की राष्ट्रीय एकता को बनाए रखती है, साथ ही साथ रोजगार के अनेक अवसर प्रदान करती है। प्रो० निरंजन कुजूर ने बताया की विदेशों के कई विश्वविद्यालय में हिंदी को एक अध्ययन अध्यापन के विषय के रूप में पढ़ाया जाता है जो कि हमारे लिए बहुत गौरव और सम्मान की बात है।

प्रो. राजेश बंजारे ने बताया है कि हमे प्रत्येक विषय को समझने में हिंदी की जरूरत पड़ती है। प्रो. पूजा साव ने कहा कि आज भारत की हर बड़े प्रतियोगी परीक्षाओं में हिंदी एक अनिवार्य विषय के रूप में शामिल रहता है इसलिए छात्र-छात्राओं के लिए हिंदी का अध्ययन बहुत जरूरी है। प्रो.संगीता तिर्की ने कहा कि हमारी मातृभाषा हिंदी अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त करने का एक सशक्त माध्यम है, प्रो. प्रतीक सिदार ने कहा कि अपनी मातृभाषा हिंदी को अन्य भाषाओं के प्रभाव से बचाना बहुत जरूरी है।

हिन्दी विभाग और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम के अवसर पर सूरज यादव, रोहन राठिया,जीविधा आदित्य, शिवम सोनी, साहिल कुजूर, प्रीति पंत,अंजली बखला, डिंपल, आरोती चौहान, कांति शर्मा आदि छात्र-छात्राओं की भागीदारी सराहनीय रही।

# दुकान के सामने बेहोश पड़ा बछड़ा इलाज के बाद स्वस्थ

पशु चिकित्सक सिंह का कार्य सराहनीय

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



शहर में लावारिस पशु बीमार या चोटिल होकर जहां तहां पड़े रहते हैं। ऐसे ही बीमार, चोटिल मवेशियों की जानकारी होने पर पशु चिकित्सक डॉ अनिल सिंह मौके पर पहुंच कर इलाज करते हैं। जिससे कई मवेशी अभी तक स्वस्थ हो चुके हैं। इस कार्य में उनकी टीम का सहयोग भी सराहनीय है। इस कार्य कामधेनु सेना के पदाधिकारी नारायण बाईन भी विशेष सहयोग करते हैं। बीमार, चोटिल मवेशियों की जानकारी चिकित्सक को देकर इलाज के लिए जरूरी दवाई उपलब्ध कराते हैं। कई जगहों से जानकारी मिलती है लेकिन जब चिकित्सक की टीम पहुंचती है तो मवेशी वहां नहीं होता है। जिससे उसका समय पर इलाज नहीं हो पाता है। पशु चिकित्सक डॉ अनिल सिंह इलाज के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। जिसके कारण नगर में उनकी प्रशंसा होती है। कल भी बस स्टैंड के दुकान के पास बेसुध पड़े मवेशी का इलाज किया गया। जिसके कुछ घंटों बाद वह स्वस्थ हो गया।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in